जिन्दगी इतनी मुश्किल इसलिए है क्यूंकि लोग आसानी से मिली चीज की कीमत नहीं जानते

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक 262- ● जबलपुर ● मंगलवार, 26 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935

विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

# 30 प्रीडेटर ड्रोन से दुश्मन पर होगा और जोरदार हमला

**नई दिल्ली।** अपनी सीमाओं को दुश्मन से सुरक्षित रखने या फिर किसी भी घुसपैठ और हमले का माकूल जवाब देने के लिए भारतीय सेना अमेरिका से 30 रूक्त9 प्रीडेटर ड्रोन का अधिग्रहण करने जा रही है। संभव है कि दिसंबर में होने जा रही दोनों देशों के बीच बैठक में इस रक्षा सौदे की घोषणा कर दी जाए। अधिकारियों के मुताबिक, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर दिसंबर में अपने समकक्षों एंटोनी ब्लिंकन व लॉयड ऑस्टिल से वाशिंगटन में मुलाकात करेंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह महत्वपूर्ण घोषणा की जा सकती है।

अफगानिस्तान पर तालिबान के राज और चीन के आक्रामक रुख के खिलाफ हिंद प्रशांत क्षेत्र में फैल रही अशांति को देखते हुए प्रीडेटर ड्रोन का अधिग्रहण महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस संबंध में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि, दिसंबर में होने जा रही बैठक में इस संबंध में सरकारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।



### तीनों सेनाओं को मिलेंगे 10-10 ड्रोन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सेना की तीनों टुकड़ियों को 10-10 प्रीडेटर ड्रोन दिए जाएंगे। चूंकि, भारतीय नौ सेना पहले से ही दो प्रीडेटर ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। इसलिए अधिग्रहण प्रक्रिया भारतीय वायु सेना व भारतीय सेना की देखरेख में पूरी हो रही है।

### भारत के लिए बहुत अहम हैं प्रीडेटर ड्रोन

चीन के बढ़ रही तनातनी व अन्य पड़ोसी देशों के रुख को देखते हुए यह रक्षा सौदा भारत के लिए बहुत अहम है। चूंकि, चीन की विंग लूंग इन सशस्त्र ड्रोन को पाकिस्तान को बेच रहा है। ये ड्रोन हवा से सतह में 12 मिसाइल लांच कर सकने में सक्षम है। वहीं पाकिस्तान के सहयोगी तुर्की ने भी 2020 में इस क्षमता को हासिल कर लिया था और लीबिया और सीरिया के खिलाफ युद्ध में इन ड्रोन का इस्तेमाल किया था।

### प्रीडेटर ड्रोन की खासियत

प्रीडेटर ड्रोन हवा से सतह पर हमला करने में सक्षम हैं और ये कई तरह के हथियारों और बम को गिराकर दुश्मन को धूल चटा सकते हैं। खास बात यह है कि यह ड्रोन तीस घंटे से भी अधिक समय तक आसमान में टिके रहने में सक्षम है।

## फटाफट खबरें



### चिरायु अस्पताल में कोरोना से मौत, मात्र 24 घंटे में दम तोड़ा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पिछले 3 दिनों से कोरोनावायरस से संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला थोड़ा तेज हुआ और आज चिरायु अस्पताल में कोविड-19 पॉजिटिव मरीज की मौत की खबर आ गई। बताया गया है कि भर्ती होने के मात्र 24 घंटे के भीतर मरीज ने दम तोड़ दिया। पूरे 100 दिन के बाद त्यौहार से पहले मौत की खबर ने भोपाल में चिंता बढ़ा दी है। हेल्थ डिपार्टमेंट से मिली जानकारी के अनुसार कोलार के रहने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति को रविवार को भर्ती किया गया था। जांच रिपोर्ट में 19 पॉजिटिव पाया गया था। चिरायु हॉस्पिटल की तरफ से बताया गया है कि मरीज का शुगर का स्तर बहुत ज्यादा था।



### दुल्हन का जोड़ा पहनकर पत्नी ने दी शहीद पति को आखिरी विदाई

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में पेट्रोलिंग के दौरान शहीद हुए मंडी के जोगिंदर नगर के भटवाड़ा गांव के नायक अमित कुमार का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव में मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पहुंचा। इस दौरान भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। सुहागिन के जोड़े में पत्नी ने शहीद पति को अश्रुपूर्ण विदाई दी । परिजनों की आंखों से भी आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। 23 अक्तूबर को पेट्रोलिंग के दौरान सड़क हादसे में नायक अमित की मौत हो गई थी।

### मध्य प्रदेश में आज से बढ़ेगी ठंड, गिरेगा रात का पारा

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर क्षेत्र पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़ने लगा है। इसके चलते हवाओं का रुख उत्तरी और उत्तर पश्चिमी होने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हाल ही में उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबर्दस्त बर्फबारी और बारिश हुई है। इस वजह से अब उत्तर भारत की तरफ से मैदानी क्षेत्रों की तरफ आने लगी सर्द हवाओं से मंगलवार से मध्यप्रदेश में ठंड बढ़ने की संभावना है। विशेषकर न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होगा। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में ग्रेनेड हमला, गाड़ियों के टूटे शीशे, कई नागरिक घायल

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा के सुंबल पुल इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके में कई वाहनों के शीशे टूट गए हैं। अचानक हुए इस हमले के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। हमले की सूचना के बाद सुरक्षाबल इलाके में पहुंच गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आतंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड हमला किया था। ग्रेनेड सड़क के दूसरी तरफ गिरने के बाद फटा गया। इसकी चपेट में आने से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मोहम्मद अल्ताफ निवासी नानिनारा, फैसल फयाजी निवासी सफापोरा, मुश्ताक आह निवासी मारकुंडल, तसलीमा बानो निवासी मारकुंडल, अब हमीद निवासी मारकुंडल और फयाज आह निवासी आशम शामिल है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# समीर वानखेड़े पर एक और जबरन वसूली का आरोप



**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एक वकील सुधा द्विवेदी ने एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े और पांच अन्य के खिलाफ क्रूज पर मादक पदार्थ मामले में कथित रूप से जबरन वसूली के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी के अनुसार, वकील सुधा द्विवेदी ने लिखित शिकायत एमआरए मार्ग पुलिस थाने और संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंभे और राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कार्यालयों में भी दी है। द्विवेदी ने शिकायत में वानखेड़े तथा प्रभाकर सैल एवं के. पी. गोसावी सहित पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। एक अन्य अधिकारी ने इस मामले में कहा कि हमें शिकायत मिली है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

### स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल ने लगाए थे गंभीर आरोप

उल्लेखनीय है कि रविवार को, मामले के एक स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल ने मीडिया को दिए एक बयान में दावा किया था कि एनसीबी के एक अधिकारी और फरार गवाह गोसावी सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा आर्यन खान को मादक पदार्थ मामले में छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपये की मांग की गई थी।

### व्हाट्सएप चैट में लिखा- तुम ले आना मैं चुपके से ले लूंगा

वहीं इस मामले में एक और चेट सामने आई है। मीडिया रिपोटर्स के अनुसार सामने आई चैट में आर्यन खान अचित कुमार नामक एक व्यक्ति से थोक में ड्रग्स खरीदने की बात कर रहा है। आर्यन खान ने अचित कुमार से 80,000 रुपये की ड्रग्स मंगवाई थी। आर्यन खान के फोन से बरामद किए गए इन व्हाट्सएप डेटा में दो अन्य लोगों के साथ ड्रग्स पर ग्रुप चैट भी दिखाई दे रही है। जिसमें लिखा है मैं चुपके से ले लूंगा

### आर्यन खान की जमानत याचिका पर आज सुनवाई

मुंबई क्रूज ड्रग्स छापेमारी मामले में गिरफ्तार बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में मंगलवार यानी आज सुनवाई होगी। मामले सुनवाई के दौरान भारत के पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी भी मौजूद रहेंगे।

## दुष्कर्म का आरोपित विधायक का बेटा करण मोरवाल गिरफ्तार



**इंदौर।** दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे बड़नगर के कांग्रेसी विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल को इंदौर की महिला थाना पुलिस ने मक्सी से गिरफ्तार कर लिया है। उसे महिला थाना पुलिस इंदौर लेकर पहुंची है। इंदौर पुलिस और महिला थाना पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। करण पर इंदौर के राजेन्द्र नगर में रहने वाली महिला नेत्री ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। महिला थाना पुलिस ने करण को मक्सी बायपास पर पकड़ा। वह अपने दोस्त राहुल के साथ भागने की फिराक में था। पुलिस ने उनकी कार भी जब्त कर ली है। कुछ ही दिनों में प्रदेश में उपचुनाव होने हैं, ऐसे में हालांकि मोरवाल की गिरफ्तारी के टाइमिंग को लेकर भी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। करीब छह महीने से फरार चल रहा था करण मोरवाल और पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इस दौरान पुलिस ने करण पर घोषित इनामी राशि को दो बार बढ़ दिया था। पुलिस ने पहले 10000 रुपये से बढ़ाकर इनामी राशि 15 हजार रुपये की थी। इसके बाद कुछ ही दिनों पहले इसे फिर से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी थी।कुछ ही दिन पहले प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी चेतावनी देते हुए कहा था कि करण जल्द ही सरेंडर करें नहीं तो ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो दूसरे लोगों के लिए नजीर बनेगी।

### सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार से सवाल

## रैली में सैंकड़ों किसान लेकिन चश्मदीद गवाह सिर्फ 23 क्यों?



**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आज फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को घटना के गवाहों को सुरक्षा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यूपी सरकार से लखीमपुर हिंसा में पत्रकार रमन कश्यप और एक श्याम सुंदर की हत्या की जांच पर जवाब दाखिल करने को भी कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान यूपी सरकार से कई सवाल भी किए। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने स्टेटस रिपोर्ट सौंपते हुए सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 68 गवाहों में से 30 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं और 23 लोगों ने घटना के चश्मदीद होने का दावा किया है। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रैली में सैकड़ों किसान थे और सिर्फ 23 चश्मदीद गवाह बने? फिर साल्वे ने जवाब देते हुए कहा कि हमने गवाही के लिए विज्ञापन जारी भी किया।




## हनुमान जी की शरण में केजरीवाल

**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार की सुबह अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा की। इसके बाद सीएम केजरीवाल ने राम जन्मभूमि में भगवान राम की पूजा-अर्चना की। दर्शन करने के बाद केजरीवाल ने कहा कि आज मुझे भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। मैं चाहता हूं कि यह सौभाग्य हर भारतवासी को प्राप्त हो।

## महबूबा बोलीं- पाक की जीत के जश्न पर गुस्सा क्यों? संबित से मिला कड़ा जवाब



**श्रीनगर।** टी-20 विश्व कप में भारत को पाकिस्तान के सामने करारी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब इस मामले में सियासत भी शुरू हो गई है। पाकिस्तान की जीत के बाद जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में खुशियां मनाने के साथ ही आतिशबाजी होने की खबर भी आई थी और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत ले लिया था। जम्मू कश्मीर पुलिस की इस कार्रवाई पर अब पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सबसे पहले पाकिस्तानी टीम को बधाई देने वाले विराट कोहली थे। ऐसे में पाकिस्तान की जीत का जश्न मनाने पर इतना गुस्सा क्यों है। वहीं अब इस मामले में भाजपा नेता संबित पात्रा ने भी महबूबा मुफ्ती पर पलटवार किया है। संबित पात्रा ने किया पलटवार महबूबा मुफ्ती के बयान पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि अगर हमारे देश में पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाया जाए तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इससे पहले इन्होंने तब भी जश्न मनाया था, जब छत्तीसगढ़ में 76 सीआरपीएफ के जवान शहीद हुए थे। उस दिन भी पटाखे फोड़े गए थे और उसके साथ शेरों - शायरी भी की गई थी। संबित पात्रा ने कहा कि देश सब कुछ देख रहा है। ये सारी बातें जनता तक पहुंच रही हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट में लिखा था कि कश्मीरियों को कथित तौर पर धमकाया जा रहा था और उन्हें देशद्रोही कहने वाले नारे लगाए जा रहे थे। महबूबा ने सवाल किया कि पड़ोसी देश की जीत के खिलाफ गुस्सा क्यों जता रहे हैं। कोई ये नहीं भूल सकता कि जम्मू-कश्मीर के अलग होने और विशेष दर्जा छीनने पर कितने लोगों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया था। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने को शर्मनाक बताया है।



## चीन में फिर बढ़ा कोरोना लग गया लॉकडाउन

**बीजिंग।** चीन के वुहान से शुरू हुआ कोरोना संक्रमण एक बार फिर से लौटने लगा है। चीन के कई प्रांतों में कोरोना के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। अब खबर आ रही है कि चीन के लांझू शहर में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पूरी तरह लॉकडाउन लगा दिया गया है। चार लाख की आबादी वाले इस शहर में आपातस्थिति के अलावा लोगों के घरों से निकलने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## सोनिया ने बुलाई पीसीसी चीफ, महासचिवों की बैठक`



**नई दिल्ली।** 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, प्रदेश प्रभारियों और पार्टी महासचिवों की अहम बैठक बुलाई। इस दौरान सोनिया गांधी ने साफ कहा कि हमें व्यक्तिगत महात्वाकांक्षाओं को दूर रखकर भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करना चाहिए। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। सोनिया गांधी ने महासचिवों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से कहा कि हमें वैचारिक रूप से भाजपा और आरएसएस द्वारा चलाए जा रहे झूठे एजेंडे से लड़ना है। इस लड़ाई को जीतना है तो दृढ़ संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना होगा और लोगों के सामने सच लाना होगा। एकता सर्वोपरि, महत्वाकांक्षाओं को दूर रखें सोनिया गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के अंदर एकता की बहुत कमी है। मैं फिर से कहना चाहूंगी कि अनुशासन और एकता सर्वोपरि है। हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि हम व्यक्तिगत महात्वाकांक्षाओं को दूर रखकर पार्टी हित में काम करें। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा,लोकतंत्र व संविधान की तरह झूठ को पहचानने और उसका मुकाबला करने के साथ शुरू होती है।

## पंचायत चुनाव : सुनवाई तीन दिन आगे बढ़ी




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य में पंचायत चुनाव शीघ्र कराए जाने की मांग संबंधी मामले की सुनवाई तीन दिन के लिए बढ़ा दी है। साथ ही राज्य शासन से रिपोर्ट तलब कर ली है। अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश रवि विजय कुमार मलिमथ व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ ने पंचायत चुनाव संबंधी सभी मामले एक साथ सुने जाने की व्यवस्था दी है। दमोह निवासी जया ठाकुर की ओर से दलील दी गई कि कोविड का खतरा टलने के बावजूद पंचायत चुनाव बेवजह आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में राज्य शासन को निर्देश जारी किए जाने चाहिए। चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ ने साफ किया कि आयोग हालात का जायजा लेने के बाद ही कोई कदम उठाएगा। जब तक पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाया जा सकता। हालांकि सरकार अपने स्तर पर कार्रवाई कर रिपोर्ट पेश करने स्वतंत्र है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने अवगत कराया कि पंचायत चुनाव को लेकर पूर्व में सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। चुनाव आयोग ने अंडरटेकिंग भी दी थी।

# बुजुर्ग, दिव्यांग और कोविड संक्रमित घर से दे सकेंगे वोट

**देहरादून।** आगामी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग बुजुर्गों, दिव्यांगों और कोविड पॉजिटिव या कोविड संदिग्ध वोटरों को घर से वोट देने की सुविधा देने जा रहा है। इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। पहली बार विधानसभा चुनाव में यह सुविधा दी जाएगी। दरअसल, अभी तक केवल पुलिसकर्मी, चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी और सेना के अधिकारी व सिपाही ही पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करते आए हैं। पहली बार यह सुविधा बुजुर्गों, दिव्यांगों और कोविड पॉजिटिव के लिए शुरू होने जा रही है। चुनाव आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग अगर चाहेंगे तो अपने घर से ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसी प्रकार, दिव्यांग मतदाता अगर चाहेंगे तो पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, कोविड पॉजिटिव या कोविड लक्षणों वाले मतदाताओं को भी यह सुविधा दी जाएगी।



हालांकि, इन सभी में से अगर चाहेंगे तो वह पोलिंग बूथ पर जाकर भी वोट डाल सकते हैं। केवल कोविड के मरीजों या संदिग्धों को बूथ पर सबसे बाद में एंट्री दी जाएगी। उनके वोट डालने के दौरान कोविड से बचाव की सभी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। इसके तहत हो सकता है कि ऐसे लोगों को पीपीई किट पहनकर वोट डालना पड़े। चुनाव आयोग के मुताबिक, घर बैठे वोट डालने के लिए पात्र मतदाताओं को पहले फॉर्म 12-डी भरना होगा। इस फॉर्म को भरने के बाद निर्वाचन विभाग ऐसे आवेदकों का वेरिफिकेशन कराएगा। वेरिफिकेशन के बाद उन्हें विभाग की ओर से घर पर ही पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे भरकर वह जमा करा सकेंगे।

### जनवरी से आचार संहिता?

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस बीच खबर है कि चुनाव आयोग उत्तराखंड के चुनाव के लिए जनवरी के पहले सप्ताह में आचार संहिता लागू कर सकता है। फरवरी में प्रदेश में चुनाव होगा और इसके बाद 15 मार्च से पहले नतीजे आ जाएंगे। क्योंकि उत्तराखंड में सरकार का कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त होने जा रहा है।

ईगल बैटरी
डीलर-एक्साइड बैटरी
सभी गाड़ियों की बैटरी
EXIDE MICROTEK TECHNOLOGY WE LIVE
पत्रकार भवन के सामने, बल्देवबाग
जबलपुर, फोन-9826115492, 9200792000




# मिट्टी के बर्तन और दिया का व्यवसाय करने, शहर आने वालों को न हो कोई परेशानी

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने दीपावली पर दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्र से मिट्टी के बर्तनों और मिट्टी से बने दियों का व्यवसाय करने शहर या कस्बों में आने वाले वाले कुम्हारों एवं ग्रामीणों की सुविधा का ध्यान रखने के निर्देश सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारियों, नगरीय निकायों के अधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को दिये है । श्री शर्मा ने इस बारे में जारी आदेश में कहा है कि मिट्टी के बर्तन और दिये बनाने का यह व्यवसाय परम्परा से जु ?ा तथा व्यापक पर्यावरणीय हित में भी है । दीपावली का पर्व इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों का जीविकोपार्जन के साथ-साथ इनके घर परिवारों की आर्थिक दशा सुधारने से जु ?ा छोटा धनार्जन का माध्यम भी है। कलेक्टर ने अपने आदेश में अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि मिट्टी के बर्तन और दिया का व्यवसाय करने वाले छोटे व्यवसायियों को किसी तरह की असुविधा या परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाये साथ ही इनके व्यवसाय को प्रोत्साहित भी किया जाये ।

# 19 नवंबर से गूंजेंगी शहनाई
## 13 दिसंबर तक विवाह के मुहूर्त



**जबलपुर।** इस साल 19 नवंबर से 13 दिसंबर तक केवल 15 मुहूर्त है। सैकड़ों शादियां संपन्न होंगी। इसमें कोरोना काल में जो शादियां टल गई थीं, वो भी संपन्न होंगी। इस अबूझ मुहूर्त में भी बड़ी संख्या में लग्न होते है, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह के आयोजन ज्यादा होते है। ऐसे में देवउठनी एकादशी से शादियां प्रारंभ हो जाएगी। नवंबर-दिसंबर में 15 दिन के शादियों के मुहूर्त में कई जोड़े शादी के बंधन में बंधेंगे। 15 नवंबर को देवउठनी एकादशी से शुभकार्य प्रारंभ हो जाते है। कम मुहूर्त होने के कारण अधिकांश स्थानों पर मैरिज गार्डन, होटल में लोगों को मनचाही तारीख की बुकिंग नहीं मिल रही है। पंडितों के पास भी मुहूर्त की सभी तारीखें बुक हो चुकी है। इस बार शादियों पर कोरोना का अंकुश नहीं लगेगा।

### सात फेरों के मुहूर्त

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार देव उठनी एकादशी 15 नंवबर की है। इस दिन से विवाह मुहूर्त प्रारंभ हो जाते है, लेकिन पहला मुहूर्त 19 नंवबर है, और अंतिम मुहूर्त 13 दिसंबर को रहेगा। इसके बाद अगले साल 15 जनवरी-2022 से मुहूर्त प्रारंभ होगे। देवउठनी एकादशी पर अबूझ मुहूर्त रहने से विवाह मुहूर्त रहेंगे।

### यह रहेंगे शादी के मुहूर्तः

नवंबर-19, 20, 21, 26, 28, 29 व 30
दिसंबर-1, 2, 5, 6, 7, 11, 12 व 13

### गाइडलाइन के अनुसार की जा रही बुकिंग-

होटल व गेस्ट हाउस संचालकों का कहना है कि गाइडलाइन का पालन करते हुए बुकिंग की जा रही है। फिलहाल नवंबर-दिसंबर के लिए शादियों में 300 लोगों की अनुमति हैं। मैरिज गार्डन, होटल, बैंड, ढोल, कैटर्स, हलवाई के कामों को मिली गति । इस बार कोरोना का भय कम है, जिससे कारोबारी उत्साहित हैं। पिछले 19 महीने से मैरिज गार्डन, होटल से लेकर बैंड, ढोल, कैटर्स, हलवाई तक का जो धंधा ठप था उसे रफ्तार मिली है।

नवंबर-दिसंबर में मुहूर्त सीमित हैं। ऐसे में एक ही दिन में कई शादियां होने की वजह से लोगों को बुकिंग में भी दिक्कत आ रही है। मैरिज हॉल की बुकिंग न होने की वजह से अब कई लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। या तो वेन्यू उनके मन मुताबिक नहीं हैं या बजट में फिट नहीं बैठ रहे। मुहूर्त की लगभग सभी तारीखों की बुकिंग हो चुकी है। यही स्थिति बैंड-बाजों, ढोल, घोड़ी-बग्गी वालों की है।

# अहोई अष्टमी व्रत 28 अक्टूबर को

**जबलपुर।** अहोई अष्टमी व्रत इस साल 28 अक्टूबर को रखा जाएगा। यह कृष्ण पक्ष की अष्टमी को किया जाता है। यह पर्व करवाचौथ के चार दिन बाद मनाया जाता है। इन दिन महिलाएं अपने संतान की सुख-समृद्धि और लंबी आयु के लिए उपवास रखती है। शाम के समय भगवान गणेश की पूजा करने के बाद सितारों को जल अर्पित करती हैं। मान्यताओं के अनुसार इस उपवास को रखने से संतान की उम्र लंबी होती है।

### अहोई अष्टमी का मुहूर्त

अहोई अष्टमी तिथि- गुरुवार 28 अक्टूबर 2021
पूजा का शुभ समय- शाम 05 बजकर 39 मिनट से 06 मिनट 56 मिनट तक
पूजा की अवधि- एक घंटा 17 मिनट

### अहोई अष्टमी पूजा विधि

सुबह दैनिक क्रियाओं से निवृत होने के बाद स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। इसके बाद पूजा करके अपनी संतान के दीर्घायु और सुखी जीवन के लिए व्रत का संकल्प करें। अहोई माता से प्रार्थना करें कि वे आपकी संतान को निरोगी और सुखी जीवन प्रदान करें। अब माता पार्वती की विधिपूर्वक पूजा करें। फिर पूजा घर में दिवार पर अहोई माता की तस्वीर बनाएं और उनके पास स्याहु और उसके 7 बेटों का चित्र बनाएं। फिर उनके समक्ष एक लोटे में पानी और करवा चौथ के दिन इस्तेमाल हुए करवे में पानी को लोटे पर रख दें।अब अहोई अष्टमी व्रत की कथा सुनें या पढ़ें। फिर शाम के समय भी अहोई माता की पूजा करें। कथा श्रवण के समय हाथ में लिए गए अक्षत को अपनी साड़ी के पल्लू में बांध लें।



## बीसवीं राष्ट्रीय जूनियर वूशु स्पर्धा

# 24 पदकों के साथ मध्य प्रदेश दल बना उपविजेता

जबलपुर । लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालंधर पंजाब में खेली गई जूनियर राष्ट्रीय वूशु स्पर्धा में मध्य प्रदेश को दूसरा स्थान मिला। पुरस्कार वितरण समारोह भारतीय वूशु संघ के सीईओ सोहेल अहमद, लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के डी जी ,17 वीं बटालियन के आईपीएस राजपाल सिंह , पंजाब वूशु संघ के अध्यक्ष एवं ओलंपिक मेडलिस्ट सुरेंद्र सिंह सोडी के कर कमलों द्वारा किया गया । मध्यप्रदेश वूशु संघ के सचिव व वूशु दल की प्रशिक्षक सारिका गुप्ता ने बताया स्पर्धा में संपूर्ण भारत के लगभग 1000 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया । स्पर्धा में खिलाड़ियों ने अपने प्रशिक्षक सारिका एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी दिव्यांश गुप्ता के मार्गदर्शन में 9 स्वर्ण पदक ,5 रजत पदक, 10 कांस्य पदक सहित कुल 24 पदक प्राप्त कर पूरे भारतवर्ष में द्वितीय स्थान प्राप्त किया । सचिव ने बताया स्पर्धा में मुख्य जज की भूमिका में मध्य प्रदेश के बृजेश धुरेंटे एवं मैनेजर की भूमिका मैं अनामी कुशवाहा और रानू मालवीय रहे। बुशू दल में पदक प्राप्त खिलाड़ियों को मध्य प्रदेश वूशु संघ के अध्यक्ष एनके त्रिपाठी, संरक्षक डॉ जितेंद्र जामदार ,ओलंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह ,जिला खेल अधिकारी जबलपुर आशीष पांडे, कुलदीप बरार साई प्रशासक, सिद्धार्थ श्रीवास्तव ,गौरी शंकर पांडे , विवेक कश्यप आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी । मध्य प्रदेश वूशु की टीम मे पदक प्राप्त खिलाड़ी निम्नानुसार है= तान्या जाटव 2 स्वर्ण पदक ,वंशिका नामदेव 1 रजत पदक 2 कांस्य पदक, स्पर्श खरे 3 स्वर्ण पदक ,हेमांग केवट 1 कांस्य पदक ,अंशिता पांडे 1 स्वर्ण पदक 2 कांस्य पदक ,प्रज्ञा यादव 2 रजत पदक, सूर्या कुशवाहा 1 स्वर्ण पदक , काजू सोंधिया 1 कांस्य पदक अरिंदम श्रीवास्तव 1 कांस्य पदक पल्लवी चौहान 1 रजत पदक, नंदिनी नगर 1 कांस्य पदक, नमन शर्मा 1 कांस्य पदक, प्रिंस टेकम 1 कांस्य पदक, ग्रुप इवेंट में स्वर्ण पदक( वंशिका नामदेव ,तान्या जाटव,अंशिता पांडे,प्रज्ञा यादव,काजोल चौहान,पीयूष तिवारी,स्पर्श खरे), डयुअल इवेंट्स - स्वर्ण पदक (वंशिका नामदेव ,अंशिता पांडे ,प्रज्ञा यादव) , रजत पदक (स्पर्श खरे , सार्थक गोस्वामी)।

# एकल नृत्य प्रतियोगिता में अनुपम प्रस्तुतियों से सबको मोहा

## दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन का डांस के सितारे सीजन 2



**जबलपुर ।** राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एकल नृत्य प्रतियोगिता डांस के सितारे कार्यक्रम का सेमी फाइनल राउंड महाकोशल विंध्य रीजन के द्वारा आयोजित किया गया । प्रतियोगिता में महाकोशल विंध्य रीज़न के जबलपुर, रीवा, सतना, मैहर, अमरपाटन पाटन, समस्त ग्रुपो के 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया जिसमे 3 आयु वर्ग में भाग लिया ।प्रथम वीडियो राउंड में 21 प्रतिभागियों का चयन सेमी फाइनल राउंड के लिए किया गया जो पारस पैलेस में आयोजित किया गया । सभी प्रतिभागियों ने एक से बढ़कर एक क्लासिकल सेमीक्लासिकल फोक एवं शानदार भजनों पर नृत्य की प्रस्तुति की निर्णायक की भूमिका में कथक गुरु श्रीमती भैरवी विश्वरूप, प्रियंका सोनी, एवं अभिलाष पिल्लई रहे । सेमीफाइनल में चयनित प्रतिभागी राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित फाइनल प्रतियोगिता जो जयपुर में आयोजित है उसमें हिस्सा लेंगे रीज़न अध्यक्ष रश्मि जैन पारस ने बताया सीजन 1 में भी महाकोशल विंध्य रीज़न ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था कार्यक्रम का संचालन दिनेश मोदी, प्रीति अभिलाष जैन आकाश जैन, नरेंद्र कविता जैन कार्यक्रम संयोजको द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में महाकोशल विंध्य रीजन अध्यक्ष श्रीमती रश्मि अमित जैन, सचिव प्रदीप जैन, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, रीज़न प्रथम अध्यक्ष प्रवीण सिंघई, निवर्तमान अध्यक्ष विनय जैन, संयुक्त सचिव फेडरेशन सतीश वर्धमान, संजय चौधरी, अमित पारस एवं प्रशांत जैन साधना गायिका मुकेश फनीस अमित जैन जाबालीपुरम का सहयोग रहा।




# आज़ादी के अमृत महोत्सव द्वितीय चरण के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं




**जबलपुर।** सेंट अलॉयसियस सीनियर सेकंडरी विद्यालय कैंट जबलपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में प्राचार्य फादर सीबी जोसफ के मार्गदर्शन में न्यू इंडिया प्लान ञ्च 75 एवं आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत एच आई वी /एड्स जागरुकता अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिताओं एवं वर्चुअल काव्य कैफे* प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें विद्यालय एवं राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े छात्र/ छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लियाढ्ढ कार्यकर्म का मुख्य उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स के बारे में जागरूक करना एवं युवाओं द्वारा समाज में सही जानकारी एवं संदेश पहुंचाना था। कार्यक्रम का आयोजन रा.से.यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष कुमार दुबे के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।




# पल्स पोलियो जागरूकता रैली

**जबलपुर।** विश्व पल्स पोलियो अभियान के अन्तर्गत आज समस्त रोटरी क्लब के दारा सायकिल रेली का आयोजन किया गया जिसमे रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर अमेजिंग की ओर से राधिका,रेणु,वदंना,सिम्ता प्रतिभा,अलका और विभा ने भाग लिया इसमे प्रातंपाल सुनील फाटक जी का मार्ग दर्शन रहा।

# पौधारोपण कर मनाया गया वर्धापन दिवस



**जबलपुर।** श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के तत्वावधान में मध्यप्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद्, अखिल भारतीय साहित्य परिषद्, साहित्य सहोदर सहित नगर की विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाओं ने ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कर वर्धापन दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणा पाणी के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद ने पौधारोपण के महत्व के संबंध में प्रकाश डालते हुये वर्धापन दिवस के आलोक में मीमांसा प्रस्तुत की अध्यक्ष शरद भाई पालन के साथ, डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्राचार्य श्रीजानकीरमण महाविद्यालय, डॉ. कौशल दुबे, अभिमन्यु जैन, राज सागरी, सुरेश मिश्र विचित्र यू.एस. दुबे, डॉ. नर्मदा प्रसाद शर्मा, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, डॉ. शक्ति सिंह मण्डलोई प. आशुतोष दीक्षित ने ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद के वर्धापन दिवस पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुये प्रो. राजेन्द्र ऋषि द्वारा विरचित मानपत्र ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद जी को समर्पित किया। समस्त कार्यक्रम का संचालन डॉ. आनंद सिंह राणा ने किया एवं आभार श्री अजय मिश्रा ने किया। तदोपरात महाविद्यालय परिसर में तुलसी, पीपल, नीम, आंवला आदि के पौधे रोपित किये गये। कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से डॉ अंजली शुक्ला, अनामिका सिंह ठाकुर, मुकेश श्रीवास्तव, मनोज चौरसिया, श्री तरुण मिश्रा, देवेन्द्र कुशवाहा संजय पाण्डे, प्रशांत पाठक आदि के साथ विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# पीवीसी क्लॉज को पुन: लागू करने की मांग

## इंडियन रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन

जबलपुर। इंडियन रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोवाइडर्स एसोसिएशन की जबलपुर इकाई ने सोमवार को देशव्यापी सांकेतिक हड़ताल के अंतर्गत रेलवे प्रसाशन को मांगपत्र दिया और पीवीसी क्लॉज को पुन: लागू करने की मांग की। IRIPA जबलपुर इकाई के अध्यक्ष राम सुजान गुप्ता ने बताया कि भारत सरकार रेलवे मंत्रालय के द्वारा विगत वर्षो में प्राइस वेरिएशन क्लॉ ? को रेलवे के ठेको से हटा दिया गया है ।हाल में ब ?ती महगाई के असर से विभिन निर्माण सामग्री के दामो में खास उछाल आया है और PVC क्लाज के पुन: लागू करने की नितांत आवश्यकता म्हसूस की जा रही है। जिसके चलते IRIPA ने PVC क्लॉज को पुन: लागू करने की मांग की है। आज सभी 16 रेलवे दोनो एवं 64 डिवीजनो में IRIPA के द्वार सांकेतिक हड़ताल करते हुए ज्ञापन दे कर अपने व्यथा को रेलवे प्रशासन के समक्ष रख है। श्री गुप्ता ने बताया कि पेट्रोल, डीजल, लोहा, सीमेंट एवम अन्य निर्माण में उपयोगी सामग्री पर महगाई की मार है। जिसके चलते ठेकेदारों ने ब्ढ्ढष्ट को पुन: लागू करने की मुहिम राष्ट्रीय स्तर पर आज सोमवार को आयोजित की है। IRIPA पदधिकारियो के एक प्रतिनिधि मंडल एवं समस्त सदस्यों ने ढ्ढष्टक्र महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता एवम DRM जबलपुर श्री संजय विश्वास को ज्ञापन सौपकर अपनी मांगों से अवगत कराया। प्रतिनिधि मंडल में अद्यक्ष राम सूजन गुप्ता, कार्य कारी अध्यक्ष अजय गंगवार, सचिव विजय बहलानी, मीडिया प्रभारी नितिन बाजपेई एवम सभी सदस्य शांतिपूर्वक हड़ताल पर बैठे।

# श्रेया खण्डेलवाल स्वच्छ भारत मिशन की ब्रांड एम्बेसडर



**जबलपुर।** नगर निगम, जबलपुर ने राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता अभिनेत्री श्रेया खण्डेलवाल को अपना ब्रांड एम्बेसडर नियुक्त किया है। जबलपुर को स्वच्छता में न. 1 बनाने के अभियान में नगर निगम ने भरसक प्रयास करने का संकल्प लिया है। श्रेया को इस दिशा में जनजागरण का कार्य सौंपा गया है। आयुक्त , नगर निगम संदीप जी आर की अनुशंसा पर कार्यपालन यंत्री, स्वच्छता सेल श्री भूपेंद्र सिंह तथा सभी स्टॉफ मेंबर्स की उपस्थिति में यह महत्वपूर्ण जिम्मेवारी विधिवत सौंपी गई। श्रेया ने यह वायदा किया कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को अव्वल स्थान दिलाने में वे सबका सहयोग,समर्थन एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने हेतु सतत प्रयत्नशील रहेंगी।

## त्यौहार अग्रिम आदेश भूली सरकार

# होली,रक्षाबंधन, दशहरा में नहीं दिया गया त्यौहार अग्रिम




**जबलपुर ।** मध्य प्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र, जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय ने बताया है कि 2021 मार्च के पश्चात होली,रक्षाबंधन, दशहरा में कर्मचारियों को त्यौहार अग्रिम स्वीकृत करने के आदेश सरकार द्वारा जारी नहीं किए गए। दीपावली के पहले अग्रिम के आदेश जारी ना किये जाने पर रोष व्यक्त करते हुए इसे अल्प आय वाले कर्मचारियों के साथ अन्याय बताया है ।दीपावली के पूर्व भी आदेश जारी करने की कोई संभावना दिखाई नहीं दी रही है। पूर्व के वर्षों में 10 हजार रुपये अग्रिम के आदेश जारी किये गये थे, जिसकी बशूली 10 समान किस्तों में ब्याज की साथ कि जाती थी। शिक्षा , स्वास्थ, पी डब्लू डी, वन,उच्च शिक्षा, महिला वाल विकास, हिरन जल संसाधन,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, आई टी आई , कोषालय, कलेक्टरेट, राजस्व,कृषि और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के कार्यभारित स्थापना और मजदूर स्तर अनेक सरकारी कर्मचारियों को इससे लाभ होता था। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा योगेन्द्र दुबे, जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, नरेश शुक्ला, प्रसांत सोधिया,संतोष मिश्रा, योगेस चौधरी, राजेन्द्र तेकाम,विश्वदीप पटेरिया,मुकेश चतुर्वेदी, ने दीपावली के पहले अग्रिम के आदेश जारी करने की माँग की है*।

### पहचान पत्र के अभाव में शिक्षकों के साथ हो रहा ^

^ मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति ने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों के लिए किसी प्रकार का अथेंटिक पहचान पत्र जारी नहीं किया गया है। जिससे शिक्षकों को किसी भी कार्यालय जाने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है यह सिर्फ इसलिए हो रहा है क्योंकि शिक्षकों के लिए किसी प्रकार का स्थाई आई कार्ड/ पहचान पत्र जारी नहीं किया गया जिस वजह से शिक्षकों को अपमानित होना पड़ रहा है। जबकि शिक्षकों के लिए आई कार्ड जारी करने के आदेश कई महीनों पहले हो चुके हैं परंतु आज तक संकुलों से पहचान पत्र जारी नहीं किए गए या प्राचार्य की उदासीनता के चलते हो रहा है संघ ने आगे बताया कि किसी भी कार्यालय चाहे वह कमिश्नर ऑफिस जबलपुर संभाग जबलपुर हो, या जिला कलेक्टर कार्यालय हो, कंट्रोल रूम हो या किसी हॉस्पिटल जैसे मेडिकल और विक्टोरिया हो। सभी जगह शिक्षकों से विभाग के बारे में जानकारी के बारे में जानकारी ली जाती है ऐसे में शिक्षकों के पास किसी प्रकार का पहचान पत्र नहीं होने से उन्हें दूसरे विभागों एवं अधिकारियों के सामने अपमानित होना पड़ता है। ऐसा ही कुछ सर्वे के दौरान भी शिक्षकों के साथ व्यवहार किया जाता है यही वजह है कि शिक्षकों के लिए पहचान पत्र आवश्यक है परंतु विभाग द्वारा किसी भी प्रकार से स्थाई पहचान पत्र ना दिए जाने से शिक्षकों को एन केन प्रकारेण अपमानित होना पड़ता है। संघ के जिला अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन , जियाउरहीम,गोपी साह, एनोस विक्टर, आदि ने जिला शिक्षा अधिकार से मांग की है कि संकुल स्तर पर सभी शिक्षकों को स्थाई पहचान पत्र जारी करने हेतु प्राचार्यों को आदेशित किया जाए ।

# अंतर जिला बालक वर्ष 19 दो दिवसीय क्रिकेट

## जबलपुर ए व छिंदवाड़ा सेमीफाइनल में

जबलपुर । जबलपुर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित अंतर जिला बालक वर्ष 19 दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता खेली जा रही है। यह जानकारी देते हुए सचिव धर्मेन्द्र पटेल ने बताया कि जबलपुर ए और छिंदवाड़ा ने पहली पारी में बढ़त हासिल कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जबलपुर ए और जबलपुर बी के मैच के दूसरे दिन जबलपुर बी ने 7 रनों के आगे खेलते हुए। 68.4 ओवरों मे 10 विकेट पर 167 रन बनाए। जिसमे सहिल खान 42 रन, अलंकृत 26 रन और कार्तिक ने 21 इन बनाये । जबलपुर ए की ओर से आदित्य ने 4 विकेट अभिषेक ने 2 विकेट, अम्बर, चिराग और अजिंक्य ने 1-1-1 विकेट लिए। इस प्रकार जबलपुर ए ने पहली पारी में 95 रनों की बढ़त के आधार पर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# निजी अस्पतालों में बंद हो सकती है सीजीएचएस की क्रेडिट सुविधा

**जबलपुर यशभारत।** आने वाले दिनों में सरकार से मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों में सरकार द्वारा संचालित स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत सीजीएचएस आयुष्मान योजना सीजीएचएस आदि के तहत होने वाले इलाज की क्रेडिट सुविधा बंद हो सकती है ।क्योंकि सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अस्पतालों द्वारा किए जा रहे इलाज की राशि चुकाने में देर की जा रही है।

जिससे निजी अस्पतालों की आर्थिक स्थिति बदहाल हो रही है। इसलिए उन्हें अगर सरकार समय पर भुगतान नहीं करती है तो लाभार्थियों को क्रेडिट सुविधा बंद की जा सकती है। इस संबंध में एसोसिएशन हेल्थ प्रोवाइडर आफ इंडिया की ओर से कहा गया कि न केवल छोटे छोटे नर्सिंग होम अपितु राष्ट्रीय स्तर के मान्यता प्राप्त निजी अस्पतालों को अब तक पुराने बिलों का भुगतान नहीं किया गया है। अत: कब तक हम इस प्रकार का बोझ उठाते रहेंगे। बिलों के भुगतान न होने से अस्पतालों पर आर्थिक संकट मंडरा रहा है ।अस्पतालों को अपने स्टाफ को वेतन देने के साथ अन्य खर्च बिजली पानी आदि के लिए लाले पड़ रहे हैं ।इसके साथ ही इलाज के लिए लगने वाली दवाओं और उपयोग में आने वाले उपकरणों और अन्य सामग्रियों के दाम भी बेतहासा बढ़ गए हैं। जिसका भार उठाना अब संभव नहीं है। जानकारी के अनुसार सरकार पर अब तक एक हजार करोड़ रुपए से भी ज्यादा बकाया है। ए एच पी आई बार बार इस संबंध में सरकार से पत्राचार कर रही है। लेकिन इसका अभी तक कोई हल नहीं निकला है। केन्द्रीय स्वास्थ्य विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर स्वीकार किया है कि आर्थिक स्थिति खराब है। लेकिन उम्मीद है सरकार जल्दी ही राशि जारी कर देगी और संकट का समाधान हो जायेगा। ए एच पी आई का कहना है कि पिछले 7 वर्षों से सीजीएचएस के रेट रिवाइज नहीं हुए हैं ।दूसरी ओर लंबे अरसे से बिल लंबित है जिसका भुगतान नहीं हो रहा है। सरकार ने आयुष्मान जैसी योजनाओं के लिए भी जिम्मेदारी निजी अस्पतालों पर डाल दी है। लेकिन उसके रेट भी बेहद कम और इलाज राशि की सीमा भी बहुत कम रखी है जिससे अतिरिक्त खर्च अस्पतालों को उठाना पड़ रहा है। ए एच पी आई ने कहा है कि वे लाभार्थियों को इलाज तो देते रहेंगे लेकिन वे लाभार्थियों का इलाज नगद मे करेंगे ।लाभार्थी उस बिल की प्रतिपूर्ति अपने संबंधित विभागों से प्राप्त करेंगे। इधर शहर के एक निजी अस्पताल के जिम्मेदार अधिकारी ने भी नाम न छापने की शर्त पर एक उदाहरण देते हुए बताया कि डाक्टरों के परामर्श की राशि मात्र131रुपये सरकार से तय है ।जबकि वर्तमान में परामर्श शुल्क चार गुणा हो गया है ।इसके बाबजूद डाक्टर्स प्रबंधन के आग्रह पर परामर्श दे रहे हैं ।अब135रुपए में से बचे मात्र चार रुपये में अस्पताल अपना खर्च कैसे चलाएगा।

**एएचपीआई ने दी चेतावनी कहा- हजार करोड़ रु बकाया**

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में समिति गठित

**जबलपुर।** विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सुधारों से जुड़े परिणाम आधारित वितरण क्षेत्र योजना के लिए राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में डिस्ट्रीब्यूशन रिफॉर्म्स कमेटी का गठन किया है। प्रबंध संचालक एमपी पावर मैनेजमेंट कम्पनी लिमिटेड को समिति का संयोजक बनाया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव पर्यावरण, प्रमुख सचिव वित्त, वन, ऊर्जा,राजस्व, पंचायत तथा नगरीय विकास एवं आवास सदस्य बनाये गये हैं। समिति राज्य स्तर पर योजना की प्रगति की समीक्षा करेगी। साथ ही मंत्रि-परिषद के अनुमोदन के लिए कार्ययोजना संबंधी अनुशंसा करेगी। भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा गठित मॉनिटरिंग कमेटी के अनुमोदन के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट पर अनुशंसा प्रस्तुत करेगी। समिति परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति के साथ ही गुणवत्ता की समीक्षा भी करेगी।

## वेलडन नानाजी देशमुख विवि

# देशी गाय ने दो साहीवाल बछियां को दिया जन्म





**जबलपुर, यशभारत।** नानाजी देशमुख विवि वैज्ञानिकों की मेहनत रंगलाई 8 गायों के भ्रूण प्रत्यारोपण में एक देशी गाय ने दो साहीवाल बछियों को जन्म दिया है।

डॉ. सीता प्रसाद तिवारी, कुलपति, नानाजी देशमुख विवि जबलपुर की अभिप्रेरणा मार्गदर्शन एवं कुशल निर्देशन में मध्यप्रदेश में प्रथम प्रयास में भ्रूण प्रत्यारोपण आधुनिकत्तम तकनीक से इस वि.वि. से देशी गाय ने जुड़वां बछियों को जन्म दिया है। निकट भविष्य में गौ-वंश के नस्ल सुधार इसी तकनीक के माध्यम से किया जावेगा, जिससे उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता वाली गायों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि होगी। इसी तकनीक का मध्यप्रदेश में प्रथम प्रयोग इस वि.वि. के वैज्ञानिकों ने 9 माह पूर्व, 28 जनवरी को गायों में भ्रूण प्रत्यारोपण किया गया था। 24 ब्याने की संभावित तिथि थी, उसके परिणामस्वरूप जिसमें से सोमवार एक अवर्णित देशी गाय में दो साहीवाल भ्रूणों का प्रत्यारोपित किया गया था। जिसमें गाय ने जुड़वां साहीवाल बछियां को जन्म दिया, शेष 7 गाय आगामी दिनों में ब्याने के लिए तैयार है। तकनीक की सफलता को लेकर कुलपति ने टीम के साथ सतत् रूप से सक्रिय रहे। जिसका यह सुखद परिणाम रहा कि मध्यप्रदेश में पहली बार वि.वि. के वैज्ञानिकों को सफलता हासिल हुई। इस तकनीक के माध्यम से अब अवर्णित देशी गायों से उच्च कोटि की गुणवत्ता युक्त गायों को जन्म दिया जा सकेगा। पशुपालकों के लिये यह तकनीक अब वरदान सिद्ध होगी। इस कार्य को डॉ. ए.पी. सिंह एवं उनकी टीम (डॉ.नितिन बजाज व डॉ. अभिषेक बिसेन) के साथ कलेक्टर, जबलपुर, डॉ. सुनील कुमार बाजपेयी, उपसंचालक, डॉ. विष्णु गुप्ता, सहा. पशु चिकित्सा शल्यज्ञ एवं सहयोगियों पशुपालन एवं डेयरी विभाग के सहयोग द्वारा अथक कड़ी मेहनत और देखभाल के बीच मूर्तरूप प्रदान किया। उच्चकोटि की सर्वोत्तम साहीवाल नस्ल की गायों के भ्रूणों को प्रत्यारोपित किया गया था। इस उपलब्धि से सम्पूर्ण नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय प्रबंधन से उत्साहित गौरवान्वित एवं हर्ष के वातावरण है। साथ ही वि.वि. निकट भविष्य में इस ''भ्रूण प्रत्यारोपण तकनीक'' पशुपालकों के लिय मील का पत्थर साबित होगी। गायों की दुग्ध उत्पादन क्षमता में उत्तरोतर वृद्धि होगी और उसी से उत्तम नस्ल की गायों का संरक्षण एवं संवर्धन ही पशुपालकों की आय वृद्धि करते हुये सामाजिक-आथिज़्क उत्थान् करते हुये, उन्हें आत्मनिभज़्र बना सकेगी। इस अवसर पर कुलपति ने वैज्ञानिकों को पशुपालन के क्षेत्र में इस ऐतहासिक उपलब्धि पर शुभकामनायें एवं हार्दिक बधाई ज्ञापित की हैं।

**पहली बार प्रदेश में हुआ था प्रयोग, 8 गायों में किया था भ्रूण प्रत्यारोपण**



# डीआरएम ने अधिकारी-कर्मचारियों को दिलाई पारदर्शिता की शपथ

**जबलपुर यश भारत।** लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में जबलपुर रेल मंडल में सतर्कता सप्ताह का आयोजन आज मंगलवार को सतर्कता की शपथ के साथ प्रारंभ हुआ। मंडल कार्यालय में आयोजित एक समारोह में डीआरएम संजय विश्वास ने मंडल के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य के प्रति पारदर्शिता, सत्य निष्ठा एवं श्रेष्ठ आचरण की शपथ दिलाई। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ सहित मंडल के शाखा अधिकारी विश्वरंजन, जेपी सिंह, संजय मनोरिया, विराट गुप्ता, राहुल श्रीवास्तव एबी मिश्रा, सुनील श्रीवास्तव, रोहित नेमा, जे पी श्रीवास्तव,अरविंद पांडे, अखिलेश नायक सहित अनेक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी गण उपस्थित थे।

# दो दिवसीय शब्द उत्सव का आयोजन कल से

**जबलपुर।** अनिल कुमार श्रीवास्तव फाउंडेशन के तत्वावधान में 27 व 28 अक्टूबर को संस्कृति थिएटर भंवरताल पार्क में 'शब्द उत्सव' का आयोजन किया गया है। 27 अक्टूबर को शाम 6.00 बजे मुख्य समारोह में भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा प्रकाशित अनिल कुमार श्रीवास्तव के कविता संग्रह 'सलवटों का सरगना' का विमोचन होगा। विमोचन समारोह में आलोचक राजीव कुमार शुक्ल व डा. अरूण कुमार पुस्तक पर मुख्य वक्तव्य देंगे। इस अवसर पर विख्यात कथाकार व पहल के संपादक ज्ञानरंजन, वरिष्ठ कवि डा. मलय व मध्यप्रदेश हिन्दी साहित्य सम्मेलन के पलाश सुरजन विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। 'शब्द उत्सव' का उद्घाटन एवं कविता पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन 27 अक्टूबर को प्रात- 10.30 बजे होगा। दोपहर के सत्र में 1.00 बजे व्यंग्य सत्र 'तीर' में ग्वालियर के प्रिय अभिषेक व जबलपुर के कुंदन सिंह परिहार व्यंग्य पाठ करेंगे। शाम 3.00 बजे 'ओपन माइक' सत्र में साहित्य के नए हस्ताक्षर व नई प्रतिभाएं अपनी रचनाओं का पाठ करेंगी। शाम 4.00 बजे काव्य विमर्श में 'हिन्दी कविता का आध्यात्म' विषय पर दिल्ली के आशीष मिश्र और '21 वीं सदी की हिन्दी कविता' विषय पर जबलपुर की डा. स्मृति शुक्ल चर्चा करेंगी। शाम 6.00 बजे कविता संग्रह 'सलवटों का सरगना' का विमोचन होगा। इस काव्य संग्रह का आवरण चित्रकार अवधेश बाजपेयी ने बनाया है। काव्य की सांगीतिक प्रस्तुति डा. शिप्रा सुल्लेरे व उनके साथियों द्वारा दी जाएगी। शाम 7.00 बजे 'काव्य संध्या' में लखनऊ के वरिष्ठ कवि नरेश सक्सेना, भोपाल के गीत चतुर्वेदी, मुंबई की अनुराधा सिंह, जबलपुर के विवेक चतुर्वेदी, कोलकाता के यतीश कुमार काव्य पाठ करेंगे। शब्द उत्सव के द्वितीय दिवस आयोजन की शुरूआत 28 अक्टूबर को प्रात- 11.00 बजे से होगी, जिसमें 'एक बार की बात है- कहानी सत्र' में जबलपुर के कथाकार राजेन्द्र दानी व तरूण भटनागर कहानी पाठ करेंगे और जबलपुर के दिनेश चौधरी संस्मरण सुनाएंगे। दिन के 12.00 बजे से 'ओपन माइक' सत्र में युवा रचनाकार अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। दोपहर 1.00 बजे लखनऊ के नरेश सक्सेना भाषा सत्र में 'हमारा समय और कलाओं का अन्तर्सम्बन्ध' विषय पर वक्तव्य देंगे। दोपहर 2.30 बजे नाट्य चर्चा सत्र में जबलपुर के नाट्य निर्देशक अरूण पाण्डेय, संजय गर्ग व आशीष पाठक 'मेरे प्रिय नाटक और पात्र' विषय पर अंतरंग बातचीत करेंगे। शाम 3.30 बजे 'विरासत चर्चा' में आचार्य कृष्णकांत चतुर्वेदी व भोपाल के पद्मश्री डा. कपिल तिवारी अतीत से वर्तमान विषय पर संवाद करेंगे। शाम 5.00 बजे की काव्य संध्या में जयपुर के वरिष्ठ कवि कृष्ण कल्पिति, इंदौर के आशुतोष दुबे, जबलपुर की बाबुषा कोहली, भोपाल के हेमंत देवलेकर व इंदौर के अम्बर पाण्डेय कविता पाठ करेंगे। शाम 7.00 बजे 'पर्दा उठाओ पर्दा गिराओ सत्र' में विवेचना रंगमंडल के कलाकार प्रगति विवेक पाण्डेय के निर्देशन में 'महाविज्ञ' नाटक का मंचन करेंगे। दो दिवसीय शब्द उत्सव में त्रिलोक सिंह मेमोरियल पुस्तकालय की पुस्तक प्रदर्शनी संयोजित की गई है।

**कविता, कहानी, व्यंग्य, भाषा, चित्रकला, संगीत, नाटक, अतीत पर रचनात्मक विमर्श**

## मेडीकल यूनिवर्सिटी में अब समय पर हो रहे परीक्षाएं व रिजल्ट घोषित

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति बीचंद्रशेखर के निर्देशन में अब मेडीकल यूनिवर्सिटी में समय पर परीक्षाएं व शीघ्र ही रिजल्ट घोषित हो रहे हैं। आज विभिन्न परीक्षाओं का आयोजन दो सत्रों में किया गया। जिसमें बीएचएमएस फर्स्ट ईयर, एमबीबीएस फर्स्ट ईयर,बीएएसएलपी सेकंड सेमेस्टर तथा द्वितीय सत्र में एमडी होम्योपैथी,बीयूएमएस फोर्थ ईयर की परीक्षाएं आयोजित की गई। साथ ही साथ मूल्यांकन कार्य भी तेजी से चल रहा है,जिसमें बीएससी नर्सिंग फोर्थ ईयर का मूल्यांकन लगभग पूर्ण होने की स्थिति में है और जल्दी ही परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारी चल रही है। जिससे विद्यार्थियों को समय पर रिजल्ट मिल सके।

# स्थानीय हलचल से आए बादल, छंटते ही गिरेगा पारा

**जबलपुर।** जम्मू-कश्मीर क्षेत्र पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़ने लगा है। इसके चलते हवाओं का रुख उत्तरी और उत्तर पश्चिमी होने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हाल ही में उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबर्दस्त बर्फबारी और बारिश हुई है। इस वजह से अब उत्तर भारत की तरफ से मैदानी क्षेत्रों की तरफ आने लगी सर्द हवाओं से ठंड बढ़ने की संभावना है। विशेषकर न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होगा। आज सुबह से ही स्थानीय हलचल के कारण छाए हुए हैं । हल्की धुंध भी रही। तापमान में भी अब गिरावट होने लगी है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार को अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि आज सुबह का तापमान 19 डिसे रहा। जम्मू-कश्मीर और आसपास तीन दिन से सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब उत्तर भारत क्षेत्र से आगे बढ़ने लगा है। इस वजह से हवाओं का रुख दक्षिणी, दक्षिण-पश्चिमी से बदलकर उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी होने लगा है। हालांकि दक्षिणी हवाओं के साथ आई नमी अभी भी वातावरण में मौजूद रहने के कारण आंशिक बादल बने हुए हैं। इस वजह से न्यूनतम तापमान में अपेक्षित गिरावट नहीं हुई। बादलों के छंटने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने के आसार हैं। तापमान में गिरावट का सिलसिला चार-पांच दिन तक बना रहेगा। 31 अक्टूबर के आसपास एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर भारत में दाखिल होने के आसार हैं। इसके बाद हवाओं का रुख फिर बदलने से तापमान में बढ़ोतरी होने लगेगी।

## पंचायत निवार्चन की तैयारियों की बैठक

**जबलपुर।** कलेक्टर कर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता में आज पंचायत निवार्चन की तैयारियों के संबंध में संबंधित अधिकारियों की बैठक जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री रिजू बाफना, अपर कलेक्टर राजेश बाथम, शेरसिंह मीणा व सुश्री विमलेश सिंह सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व जनपद सीईओ उपस्थित थे। बैठक में नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने का स्थान अंतिम तिथि व समय, नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा, अभ्यर्थिता वापस लेने के स्थान व समय मतदान व मतगणना, निर्वाचन की सूचना का प्रकाशन, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की पूर्ण तैयारियॉं, कार्य विभाजन व कर्मचारियों का चयन, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करना, निक्षेप राशि, शपथ पत्र, नाम निर्देशन पत्रों की जांच व अस्वीकृत करने का आधार, अभ्यर्थियों की योग्यतायें, स्ट्रांग रूम आदि के संबंध में विस्तृत रूप से चर्चा कर पंचायत निर्वाचन के लिये तैयार रहने के निर्देश दिये।

# लिपिकों का अल्पकालिक लेखा प्रशिक्षण आज से

**जबलपुर।** शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला जबलपुर में आज 26 अक्टूबर से 25 नवम्बर तक संभाग के सभी शासकीय कार्यालयों के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिये सशुल्क अल्पकालिक लेखा प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। इस प्रशिक्षण में पूर्व में लेखा प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी भी भाग ले सकते हैं। प्राचार्य शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला ने संभाग के सभी कार्यालय प्रमुखों से आग्रह किया है कि वे इस प्रशिक्षण के लिये अपने कार्यालय से कर्मचारियों का नाम प्रस्तावित करें। प्रशिक्षण सशुल्क है, इसलिये राशि संबंधित विभाग द्वारा प्रवेश के समय चालान के माध्यम से जमा करना होगा। पेंशन से संबंधित तीन दिवसीय प्रशिक्षण 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर तक दिया जायेगा। इसके लिये 500 रूपये प्रति प्रशिक्षार्थी शुल्क देय होगा। वहीं अंकेक्षण का प्रशिक्षण 29 अक्टूबर से 4 नवम्बर तक एक सप्ताह का होगा। इसके लिये एक हजार रूपये प्रति प्रतिक्षार्थी शुल्क जमा करना होगा। जबकि भंडार प्रबंधन का एक सप्ताह का प्रशिक्षण 5 नवम्बर से 11 नवम्बर तक दिया जायेगा। इसके लिये एक हजार रूपये प्रति प्रशिक्षार्थी शुल्क जमा करना होगा। इसी प्रकार कैशियर एवं एकाउण्टेंट संबंधी कार्य का दो सप्ताह का प्रशिक्षण 12 नवम्बर से 25 नवम्बर तक दिया जायेगा। इसके लिये प्रति प्रशिक्षार्थी दो हजार रूपये शुल्क देना होगा।

## 31 अक्टूबर को दिलाई जाएगी राष्ट्रीय एकता की शपथ

**जबलपुर।** सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म-तिथि को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा और निर्वाचन वाले जिलो को छोड़कर सभी जिला मुख्यालय पर राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई जाएगी। एकता, अखंडता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए राज्य पुलिस, वर्दीधारी बलों और अन्य एजेंसियों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जाएगा।उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग डीके नागेंद्र ने बताया कि भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम और सभी जिलों के कार्यक्रम में साइकिल और मोटरसाइकिल रैली निकाली जाएगी। कार्यक्रम का प्रसारण वेबकास्ट पर किया जाएगा, जिससे सभी आमजन कार्यक्रम को देख सकेंगे। इससे राष्ट्रीय एकता और आजादी का अमृत महोत्सवज के संदेश को पूरे देश में प्रसारित करने में मदद मिलेगी। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा च्राष्ट्रीय एकता दिवसज्ज मनाए जाने के संबंध में यह निर्देश संबंधित संभाग आयुक्त और जिलों के कलेक्टर को दिए गए हैं।

# व्हीएफजे को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

## गोवा के मडगांव मे हुआ पश्चिम मध्य क्षेत्र आयोजन

जबलपुर यशभारत। भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के तत्वावधान में पश्चिम तथा मध्य क्षेत्र के संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन मडगांव, गोवा में किया गया। जिसमें मध्य क्षेत्र से वाहन निर्माणी जबलपुर को राजभाषा के उत्कृष्ट क्रियान्वयन के लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया।





समारोह में भारत सरकार के गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा तथा केन्द्रीय पर्यटन राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन में पश्चिम एवं मध्य क्षेत्र के केन्द्रीय कार्यालयों, उपक्रमों तथा बैंको को श्रेणीवार पुरस्कार प्रदान किए गए। वाहन निर्माणी की ओर से यह पुरस्कार शैलेन्द्र सिंह, क.का.प्र./प्रशासन ने ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि वाहन निर्माणी जबलपुर राजभाषा के क्षेत्र में सतत नवाचार कर रही है ।यह पहली बार है कि राष्ट्रीय स्तर का पुरस्कार वाहन निर्माणी को प्राप्त हुआ है। इसके पहले आ.नि.बोर्ड द्वारा आयोजित सम्मेलनों एवं स्थानीय नराकास समिति द्वारा आयोजित बैठकों में वाहन निर्माणी सम्म्मानित हो चुकी है। राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त होने पर निर्माणी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में हर्ष व्याप्त है। निर्माणी के कार्यवाहक महाप्रबंधक राजेश कुमार राजभाषा अधिकारी मनोज कुमार मौर्य संयुक्त महाप्रबंधक/प्रशासन ने निर्माणी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपनी शुभकामनाएं दी हैं तथा सभी से आगे भी इसी प्रकार कार्य करते रहने का अनुरोध किया है।

# महालेखापरीक्षक (रेलवे) व महाप्रबंधक के साथ हुई बैठक



**जबलपुर यश भारत।** पश्चिम मध्य रेल के मुख्यालय जबलपुर में उप नियंत्रक महालेखापरीक्षक भारत सरकार (रेलवे) का आगमन हुआ। सर्वप्रथम पमरे अपर महाप्रबंधक शोभन चौधुरी द्वारा उप नियंत्रक महालेखापरीक्षक भारत सरकार (रेलवे) सुश्री डौली चक्रबर्ती के आगमन पर पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। ततपश्चात कॉन्फ्रेंस हॉल में पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, उप नियंत्रक महालेखापरीक्षक सुश्री डौली चक्रबर्ती और अपर महाप्रबंधक एवं सभी विभागों के प्विभागाध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। इस बैठक के दौरान पश्चिम मध्य रेल पर पूर्ण कर लिये गये एवं चल रहे विकास कार्यों की संक्षिप्त जानकारी पॉवर प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गयी। इस महत्वपूर्ण एवं तार्किक तथा सारगर्भित प्रेजेंटेशन की उप नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा काफी सराहना की गई। पॉवर प्रेजेंटेशन में विशेषकर नवीनीकृत जबलपुर स्टेशन, नवनिर्मित हबीबगंज स्टेशन और नवीनीकृत सोगरिया (कोटा) स्टेशन की आधुनिकता से परिपूर्ण एवं अत्यंत यात्री सुविधायुक्त तथा उत्तम निर्माण शैलियुक्त स्टेशनों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। इसके अतिरिक्त पश्चिम मध्य रेल के अधोसंरचना कार्य, नयी परियोजनाओं, अधोगिकी क्षेत्र में विकास, कारखानों एवं शेडों, परिचालन एवं वित्तीय के साथ रेलवे में हरित पहल की भी जानकारी प्रस्तुत की गई। इसके साथ ही हरित पहल की ओर उठाये गए कदमों और सोलर एनर्जी के उत्पादन को बढाने के लिए तथा उर्जा बचत के लिए किये गए अत्य आधुनिक कार्यो की अदभुत प्रंशसा उनके द्वारा मिली। इस बैठक में उप नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा प्रमुख विषय भारतीय रेल पर वेस्ट मैनेजमेंट की परफॉर्मेंस पर पमरे के महाप्रबंधक एवं अपर महाप्रबंधक सहित सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ विस्तृत चर्चा कर समीक्षा की गई। भारतीय रेल पर स्वच्छ भारत स्वच्छ रेल अभियान के अंतर्गत सभी जोनल रेलवे में भारतीय रेल पर वेस्ट मैनेजमेंट के तहत बहुत तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसी क?ी में पमरे द्वारा भी तीनों मण्डलों पर भोपाल, होशंगाबाद, कोटा, सवाई माधोपुर, जबलपुर, कटनी एवं पिपरिया स्टेशनों में वेस्ट मैनेजमेंट पर अच्छा काम किया गया है। इस अवसर पर पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के गार्डन एरिया में उप महानिदेशक लेखा परीक्षा सुश्री डौली चक्रबर्ती एवं महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता द्वारा पौधरोपण किया गया है। पश्चिम मध्य रेल द्वारा इन पलो को स्मृति में बनाये रखने के लिए मुख्यालय के गार्डन में उप महानिदेशक लेखा परीक्षा भारत सरकार (रेलवे) एवं महाप्रबंधक और अपर महाप्रबंधक सहित सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ ग्रुप फोटोग्राफी भी की गई।

# जिला दंडाधिकारी ने लगाया तीन आपराधिक तत्वों पर एनएसए

**जबलपुर।** जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर कर्मवीर शर्मा ने ईद मिलान-उन-नबी पर हनुमानताल थाना अंतर्गत मछली मार्केट में सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगाड़ने की नियत से बलवा करने सांप्रदायिक भावनायें भड़काने, पुलिस पर जलते पटाखे और बम फेंकने, हत्या का प्रयास करने तथा पथराव कर दहशत फैलाने वाले तीन अपराधियों को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध करने के आदेश दिये हैं। इन आपराधिक तत्वों में चांदनी चौक निवासी इमरान उर्फ पोशाक पिता मंसूर अहमद उम्र 31 साल, चार खम्बा निवासी बाबर अली पिता कौशर अली उम्र 34 वर्ष तथा बूढ़ी खेरमाई के पास नसीमाबाद चारखंबा निवासी दिलशाद अहमद उर्फ बकरा पिता गुलाम मोहम्मद अंसारी उम्र 27 वर्ष शामिल हैं। जिला दंडाधिकारी ने तीनों अपराधियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन पर की है। तीनों अपराधी वर्षों से अपराधिक गतिविधियों में लिप्त थे तथा इन पर मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा डालने, जुंआ खिलाने, अवैध वसूली करने, बलवा करने, अवैध हथियार रखने, षड़यंत्र पूर्वक बलवा एवं हत्या करने के प्रयास जैसे कई गंभीर आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं अशोक कुमार ठाकुर मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम अशोक कुमार ठाकुर ही दर्ज है लेकिन मेरे पुराने पासपोर्ट में मेरा नाम अशोक कुमार दर्ज है जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में अशोक कुमार ठाकुर पिता स्व. श्री मोहन सिंह ठाकुर निवासी एमआईजी सी 120 धनवंतरी नगर आदर्श ज्योति स्कूल के पास। आज दिनांक से मुझे अशोक कुमार ठाकुर के नाम से ही जाना व पहचाना जावे।

**सही नाम- अशोक कुमार ठाकुर**
**गलत नाम- अशोक कुमार**

## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार श्री पी. मधुसूदन दास आयु 35 वर्ष, पिता श्री पी माचरलु निवासी-1204/ए4 न्यू रामनगर पुष्पक नगर के पास अधारताल जबलपुर की ओर से प्राधिकृत होकर प्रत्येक जनमानस, संस्था निकाय, वित्तीय बैंक आदि को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार द्वारा मौजा बसहा नं ब. 326 पुराना, नया 49 प.ह.नं 26/23 रा. नि. मं महाराजपुर, तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित डायवर्टेड भूमि खसरा नं 8/4 (पुराना 8का हिस्सा) का रकबा 0.600 हे. में से विक्रय रकबा 30 फुट बाई 45 फुट यानी 1350 वर्गफुट जिसका भूखंड (प्लाट) क्र 8 है, को क्रय करने का अनुबंध श्री वैभव व्यास आयु 45 वर्ष पिता श्री पी. एस. व्यास निवासी 493/5 ए. 2 न्यू जगदम्बा कालोनी जबलपुर (हाल मुकाम मुलताई जिला बैतूल) के साथ निष्पादित कर दिया है। यह है कि उक्त संपत्ति मेरे पक्षकार क्रय कर रहे हैं। उक्त विषय में आम/खास जनमानस, संस्था, निकाय को किसी भी प्रकार की आपत्ति/दावा है तो आज दिनांक 26.10.2021 से 7 दिवस के भीतर मुझसे आकर संपर्क करें और दस्तावेज सहित आपत्ति दर्ज करावें। उक्त समय सीमा के पश्चात किसी भी प्रकार के दावा/आपत्ति अमान्य होगी।

**संदीप शुक्ल (अधिवक्ता)**
**मो 9300029985**
**ब्यौहारबाग पेट्रोल पंप केपास**
**जबलपुर (मप्र)**

## आवश्यकता है

ज्वेलरी शोरूम के लिए अनुभवी सेल्समेन एवं सेल्सगर्ल, कैश काउन्टर के लिए सीनियर सिटीजन, स्टाफ मैनेजमेंट की आवश्यकता है।

संपर्क
श्री हनुमंत छाया ज्वेलर्स गोहलपुर
मालगुजार परिसर के पहले
मो.9977112211

मिलने का समय- दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक

## वैदिक ज्योतिष समाधान

·¤ÇÜè çÙ×æ‡æ/ÈÚæÎàæ, ·¤ÇÜè çרÜæÙ/»‡æ çרÜæÙ, Ùæ·¤Úè/ÃØæÂæÚ, ÕæŠææ, àæÎæÙ ÕæŠææ, çßßæã ÕæŠææ/SßæS‰Ø â×SØæ°, ·¤æÙÜè çßßæÎ/ÂæÂÅè çßßæÎ,çÂÌ Îæá/×»ÜÎæá/«¤‡æÎæ á ¥æçÎ ·¤ÇÜè Îæá ¥æçÎ ç·¤âè Öè ÌÚã ·¤è ÁèßÙ â ÁÇè â×SØæ¥æ ·¤ ßçÎ·¤ 'ØæçÌá â×æŠææÙ ·¤ çÜ° âÂ·¤ ·¤ÚÐ

ज्योतिषाचार्य आशीष कुमार रांझी, जबलपुर
मो./वॉट्सएप 8319296558, 9165367125,
समय: 9 AM से 10 PM

## क्योर एण्ड केयर डेन्टल क्लीनिक

डॉ. शंकर हब्लानी बी.डी.एस. (इन्दौर) दांत एवं मुख रोग विशेषज्ञ रेनबो कलर लैब के सामने, सतना बिल्डिंग जबलपुर।
मो.9340734722, 8989804354

विशेषतायें- रूट कैनाल ट्रीटमेन्ट, फिक्स दांत- सिरेनिक, दांतो की सफाई, बत्तीसी, पायरिया इलाज, फिक्स ब्रेसेस




**भोपाल।** राजधानी में ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना काल में नित नए नवाचार हो रहे हैं। इसी सिलसिले में कलेक्टर अविनाश लवानिया ने भी एक अनूठी पहल की है। इसके तहत गांवों में स्वस्थ और स्वच्छ परिवेश के निर्माण के लिए इस बार दीपावली पर भोपाल के गांव के सभी वर्गों के लोगों को लगभग 50

# दीपावली शुभकामनाओं में पोस्टकार्ड संदेश के जरिए गांवों को स्वच्छ बनाने की अपील

हजार नागरिकों को शुभकामना संदेश भेजे जा रहे हैं। सोमवार से इसके पोस्टकार्ड भेजने का सिलसिला शुरू हुआ है। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण (ग्रामीण) 2021 को लेकर कलेक्टर सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने-अपने क्षेत्र में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने तथा भोपाल जिले को आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर एक पर लाने में अपना अमूल्य योगदान दें। कोरोना के साथ एक जटिल व लंबी लड़ाई ने ग्रामीण भोपाल को हमारे साझे लक्ष्य के लिए एकजुट कर दिया है।

### ऐसा है पोस्टकार्ड संदेश

हमने यह सीखा है कि आपसी सहयोग, समन्वय और समन्वित रणनीति से किसी भी चुनौती का सामना कर सकते हैं। आज भविष्य के ग्रामीण भोपाल के लिए सबसे बड़ी चुनौती स्वास्थ्य, रोजगार एवं स्वच्छता से जीवन स्तर के लक्ष्य को पाना है। स्वच्छता हमारी पीढ़ीगत विशेषता रही है, ग्रामों में हमने प्राथमिकता से समन्वय कर परंपरागत रूप से स्वच्छता अपने घर, आंगन, चौपाल, खेल के साथ सभी संस्थाओं में रखी है। हमारी माताओं व बहनों ने स्वच्छता को जीवन पद्धति बनाया है। अब स्वच्छता से ही रोजगार का समय आ गया है, जब हमारी युवा पीढ़ी कचरे से कंचन बनाकर न केवल अपने परिवार की आय में वृद्धि करेगी बल्कि ग्रामीण पर्यावरण को साफ रखने में अमूल्य योगदान देगी। इस दीपावली भोपाल के ग्रामीण क्षेत्रों में समृद्धि, खुशी व स्वस्थ मानस के दीप हर कोने में जलेंगे। इसी आशा व विश्वास के साथ इस पुनीत यज्ञ में आपकी भी आहूति रहेगी।

# आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में बनें भागीदार

## स्वदेशी उत्पादों की करें खरीदारी- राज्यपाल मंगुभाई पटेल



भोपाल हाट में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित स्वयं सिद्धा दीपोत्सव प्रदर्शनी में राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने शिरकत की।

**भोपाल।** समावेशी विकास में हस्तशिल्प और कुटीर उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसमें बहुत कम निवेश के साथ बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित होते हैं। लोगों की आय बढ़ाने के साथ ही ग्रामीण समुदायों का जीवन स्तर बेहतर बनाने और समृद्धि पहुंचाने का प्रभावी तरीका है। यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सोमवार को भोपाल हाट में लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित स्वयं सिद्धा दीपोत्सव प्रदर्शनी में कही। उन्होंने प्रदर्शनी में आयोजित सांस्कृतिक संध्या की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए कहा कि कलाकृति का सृजन दिल, दिमाग और शरीर संचालन के अद्भुत समन्वय से ही होता है। कलाकारों की कला का सम्मान दिल खोलकर किया जाना चाहिए। उन्होंने प्रदर्शनी में रखे गए स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी कर आत्म-निर्भर भारत के निर्माण में सहयोग का अनुरोध किया। इस दौरान कलाकार वी. अनुराधा सिंह ने कथक नृत्य की विभिन्न शैलियों में प्रस्तुतियों से आनंदित किया। संघमित्रा समूह के कलाकारों द्वारा गुरू, भूमि प्रणाम, सरस्वती वंदना और शिव स्तुति की प्रस्तुतियां दी गई। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने समर्थ और समृद्ध भारत निर्माण के लिए %वोकल फॉर लोकल% का मंत्र दिया है। इसकी सफलता के लिए समाज को कुटीर, लघु उद्यमियों के उत्पादों का अधिक से अधिक उपयोग करना होगा।

### हस्तशिल्प के सामानों की प्रदर्शनी

इस अवसर पर उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव समीर मूदड़ा ने बताया कि स्वयं सिद्धा श्रृंखला में भोपाल से पहले जयपुर और बेंगलुरु में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा महिलाओं को राखी, होली और दीपावली जैसे पर्वो के अवसर पर उपयोग में लाए जाने वाले स्वदेशी उत्पादों के निर्माण और विक्रय में सहयोग किया जाता है। इस प्रदर्शनी में बालिका गृह और दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित उत्पादों के भी स्टाल लगाए गए हैं। मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य आयोग की टीम के साथ इन बच्चियों द्वारा निर्मित सामानों की खरीददारी भी की और सहाहना की।




# बैरागढ़ कांग्रेस में 15 साल बाद उप-ब्लाक अध्यक्ष बनाकर बदलाव

**भोपाल।** कांग्रेस की जिला इकाई ने लगभग 15 साल बाद बैरागढ़ ब्लाक इकाई में बदलाव किया है। पूर्व पार्षद अशोक मारण को बैरागढ़ एवं आनंद सबधानी को गांधीनगर का उप-ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया है। इस अवधि में भारतीय जनता पार्टी ने अपने बैरागढ़ मंडल में चार बार अध्यक्ष बदले हैं।नानक चंदनानी पिछले 15 साल से ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हैं। उन्होंने बाबू शाह (अब स्वर्गीय) से ब्लाक अध्यक्ष का प्रभार लिया था। शाह से पहले भी तीन साल तक चंदनानी अध्यक्ष रहे। जिलाध्यक्ष कैलाश मिश्रा ने जिले के सभी ब्लाकों में नए उप-ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की। गांधीनगर ब्लाक में पवन गुर्जर ब्लाक अध्यक्ष हैं। उनकी जगह अब आनंद सबधानी उप ब्लाक अध्यक्ष होंगे। सबधानी काफी समय से क्षेत्र में सक्रिय हैं। दोनों ब्लाक में जल्द ही बाकी पदाधिकारियों की नियुक ?ति की घोषणा की जाएगी। गांधीनगर ब्लाक में करीब पांच साल बाद बदलाव किया है। बैरागढ़ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को काफी समय से संगठन में बदलाव का इंतजार था। नानक चंदनानी ने स्वास्थ्य कारणों से खुद ही पदमुक्त होने की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन अब वे अध्यक्ष बने रहेंगे। चंदनानी का कहना है कि उप-ब्लाक अध्यक्ष एक तरह से कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में काम करेंगे। इससे संगठन मजबूत होगा। बैरागढ़ में कांग्रेस की अपेक्षा भाजपा का संगठन मजबूत है। समय-समय पर मंडल इकाई का पुर्नगठन होने से कार्यकर्ताओं में उत्साह बना रहता है। करीब 20 साल पहले राजेश हिंगोरानी अध्यक्ष थे। रमेश जनियानी, बसंत भारानी एवं चंदूभाई इसरानी भी अध्यक्ष रहे।

# अब कलेक्टर तय करेंगे सहकारी समितियों से कितनी बिकेगी खाद



## आंतरिक व्यवस्था बनाने दिए अधिकार

**भोपाल।** प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से कितनी खाद बिकेगी, यह अब कलेक्टर तय करेंगे। अभी अधिकांश जिलों में 70 फीसद खाद समितियों के माध्यम से विक्रय की जा रही है। वहीं, कुछ जिलों में 50 फीसद खाद निजी क्षेत्र के माध्यम से विक्रय हो रही है। मुरैना के बाद अब सागर संभाग में बोवनी बढ़ने के साथ मांग में वृद्धि हुई है। इसे देखते हुए कलेक्टरों को आंतरिक व्यवस्था बनाने के निर्देश कृषि विभाग ने दिए हैं। अभी प्रदेश में एक लाख 40 हजार टन डीएपी और चार लाख टन यूरिया उपलब्ध है। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि रबी फसलों की बोवनी का काम धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। सागर संभाग में चना और गेहूं की बोवनी का काम तेज हो गया है। इसके कारण डीएपी की मांग भी बढ़ रही है। पिछले साल अक्टूबर में हुई बिक्री के आधार पर 90 प्रतिशत जिलों को खाद उपलब्ध कराई गई है। इसके बाद भी जहां से मांग आ रही है, वहां उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति कराई जा रही है। अशोक नगर में भी खाद के लिए किसान लाइन लगाकर घंटों खड़े रहे। जब खाद की पर्ची किसानों को नहीं मिली तो उन्होंने नारेबाजी की और वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी को घेर लिया। जबकि, अशोक नगर में सरसों की बोवनी का क्षेत्र 25 से 30 हजार हेक्टेयर है। यहां चना और गेहूं की बोवनी का काम अब धीरे-धीरे प्रारंभ हो रहा है लेकिन किसान खाद का भंडार करके रखना चाहते हैं। यही वजह है कि दुकानों पर भीड़ लग रही है और इससे अव्यवस्था भी फैल रही है। इसके मद्देनजर अब तय किया है कि जिले में सहकारी समितियों और निजी विक्रय केंद्रों से कितनी मात्रा में खाद बिकेगी, यह कलेक्टर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार तय करेंगे। विभाग ने यह अधिकार कलेक्टरों को दिए हैं। उधर, सहकारिता विभाग के अधिकारियों का क

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बल की 50 कंपनियां होंगी तैनात

**भोपाल।** खंडवा संसदीय क्षेत्र सहित पृथ्वीपुर, जोबट और रैगांव विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में 30 अक्टूबर को शांतिपूर्ण मतदान के लिए केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल की 50 कंपनियां तैनात होंगी। 17 कंपनियां आ चुकी हैं और 37 कंपनियां आज-कल में आ जाएंगी। इसके अलावा प्रदेश के सुरक्षा बल और होमगार्ड को भी तैनात किया जा रहा है। मतदान सुबह सात से शाम छह बजे तक होगा। अंतिम एक घंटे में उन मतदाताओं को मतदान करने का मौका मिलेगा, जो 80 साल से अधिक आयु के हैं, कोरोना संक्रमित या संदिग्ध हैं।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि उपचुनाव के लिए मतदान दो हजार 910 मतदान केंद्रों पर होगा। एक हजार से अधिक मतदाताओं की वजह से 543 सहायक मतदान केंद्र बनाए गए हैं। 24 हजार कर्मचारी मतदान केंद्रों पर तैनात होंगे। खंडवा संसदीय क्षेत्र के नेपानगर, बुरहानपुर और भीकनगांव के साथ पृथ्वीपुर और जोबट विधानसभा क्षेत्र महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और गुजरात की सीमा से लगे हैं।

# भोपाल में डेंगू के सात नए मरीज मिले, 542 तक पहुंचा आंकड़ा

**भोपाल।** शहर में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। सोमवार को राजधानी में डेंगू के सात नए मरीजों की पहचान हुई। इसके साथ ही इस साल अब तक डेंगू मरीजों की संख्या 542 तक पहुंच गई है। इस संदर्भ में जिला मलेरिया अधिकारी अखिलेश दुबे का कहना है कि मरीज पहले की तुलना में तो कम हुए हैं, लेकिन बीच-बीच में बारिश होने की वजह से मच्छर बढ़ने से मरीजों की संख्या में ज्यादा कमी नहीं आई हैं। उधर, सोमवार को चिकनगुनिया का भी एक मरीज मिला है। शहर में डेंगू के करीब 20 मरीज अस्पतालों में भर्ती होकर इलाज करा रहे हैं, इनमें ज्यादातर निजी अस्पतालों में हैं। हर दिन 20 से 25 संदिग्ध मरीजों की जांच हो रही है। इनमें आठ या इससे कम मरीज रोज मिल रहे हैं।

### डेंगू से बचाव के लिए यह करें

मच्छर ठहरे हुए पानी में पनपते हैं। घर के अंदर और बाहर उन जगहों को साफ करें, जहां पानी जमा हो सकता है। घर के आसपास भी पानी जमा न होने दें।कमरे में मास्किटो रिपलेंट का इस्तेमाल करें। वहीं ओडोमॉस जैसी क्रीम भी लगाई जा सकती है। डेंगू फैलाने वाला मच्छर दिन में काटता है। अतः पूरी बांह के कपड़े पहनें, ताकि शरीर पूरी तरह से ढका रहे। अगर बच्चा घर से बाहर जा रहा है तो रिपेलेंट क्रीम लगाएं। खिड़की और दरवाजे पर मच्छर-रोधी जाली लगाकर रखें। सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।

### भोपाल में मिले कोरोना के चार मरीज

उधर, राजधानी में कोरोना के चार नए मरीज भी सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सोमवार को जारी हेल्थ बुलेटिन के अनुसार रविवार को प्रदेश में आठ मरीज मिले हैं। इनमें चार भोपाल में, दो इंदौर में और धार व जबलपुर में एक-एक मरीज मिला है। कुल 53932 सैंपलों की जांच में इतने प्रकरण सामने आए हैं। इस तरह कोरोना संक्रमण दर .01 फीसद रही। प्रदेश में फिलहाल कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 84 है।

# 28 अक्टूबर को गोविंदपुरा स्थित आईटीआई में रोजगार मेला

## मशीन आपरेटर, ट्रेनीज वर्कर, डिलीवरी ब्वाय, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, सेल्स एक्जीक्यूटिव, कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव, आटोमोबाइल्स, आफिस असिस्टेंट आदि पदों पर होंगी भर्तियां।

**भोपाल।** माडल आइटीआइ गोविंदपुरा भोपाल में 28 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। इच्छुक युवाओं के लिए एक दिन पूर्व 27 अक्टूबर को प्रशिक्षण का आयोजन भी किया गया है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में आने वाले सभी आवेदक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं अपने बायोडाटा के साथ आएं। रोजगार मेले में कंपनियों द्वारा साक्षात्कार कर अपनी शर्तों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेले में एचडीएफसी फाइनेंस, मुथूट फाइनेंस, पेटीएम इनोसोर्स, लोटस इंटरप्राइजेस, एक्सिस बैंक, प्राइम वन भोपाल, सतीन क्रेडिट केयर, फ्यूजन माइक्रोफाइनेंस, एलआइसी, आरशोर टीम साल्यूशन, नव किसान बायो, मैगनम बीपीओ, क्वीस कार्पो सहित विभिन्न कंपनियां शामिल होंगी। रोजगार मेले के जरिए मशीन आपरेटर, ट्रेनीज वर्कर, डिलीवरी ब्वाय, मार्केटिंग एक्जीक्यूटिव, सेल्स एक्जीक्यूटिव, कस्टमर केयर एक्जीक्यूटिव, आटोमोबाइल्स, आफिस असिस्टेंट आदि पदों पर भर्ती की जाएगी। कक्षा 10वीं से 12वीं, स्नातक, बीकाम, बीएससी, आइटीआइ डिप्लोमा तथा एमबीए तक योग्यता वाले आवेदक आवेदन कर सकते हैं। आवेदक की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच अलग कंपनियों द्वारा अलग-अलग पद के लिए निर्धारित की गई है। विभिन्न पदों के लिए पांच हजार से लेकर 15 हजार तक का वेतनमान निर्धारित है। मेले में सभी आवेदकों को कोविड-19 के नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। बिना मास्क मेले में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। रायसेन रोड स्थित एलएनसीटी ग्रुप में 2021-22 बैच के 2162 विद्यार्थियों का सबसे बडा कैंपस सिलेक्शन देश-विदेश की बड़ी कंपनी में चयन हुआ। एलएनसीटी ग्रुप में कैंपस सिलेक्शन के लिए से आने वाली बड़ी प्रमुख कंपनी वीमवेयर, काग्निजे, परसिस्टेट, इंफोसिस, विप्रो, डीक्ससी, एक्सेचर, ओरेकल, एसएपी, टेकसिस्टम, जियो, नियूजेन, जोश, व्येलुलेब, आरेकल, हेम्जावेयर, कैपजैमिनी, प्रापर्टी पिस्टल जैसी अलग- अलग कंपनियों में 2162 छात्र-छात्राओं का चयन न्यूनतम 6.50 लाख से अधिकतम 19.50 लाख के वार्षिक पैकेज पर किया गया। एलएनसीटी विश्वविद्यालय के चांसलर जेएन चौकसे ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को बधाई एवं शुभकामना दी। यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ अनुपम चौकसे ने कहा कि हमारे चयनित छात्र-छात्राएं देश से लेकर विदेश तक अपना एवं एलएनसीटी ग्रुप का नाम रोशन कर नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। कार्यक्रम मं एलएनसीटी समूह के प्रशासनिक संचालक डॉ. अशोक राय, यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एनके थापक, संचालक धर्मेंद्र गुप्ता, ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट संचालक अनुज गर्ग उपस्थित रहे।

# ठेकेदारों ने किया अर्धनग्न प्रदर्शन अटका भुगतान जारी करने की मांग




**भोपाल।** राजधानी में सोमवार को नगर निगम मुख्यालय के बाहर निर्माण कार्यों का सालों से पैमेंट अटकाने के चलते ठेकेदारों ने अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। दोपहर में निगम मुख्यालय पर ठेकेदार एकत्रित हुए और भुगतान शीघ्र करने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। सभी के हाथों में पोस्टर और बैनर भी थे। जिन पर जल्द भुगतान करने की बातें लिखी गई थी। माता मंदिर स्थित निगम मुख्यालय के सामने करीब आधे घंटे तक ठेकेदारों के प्रदर्शन का सिलसिला चलता रहा। आखिरकार अफसरों द्वारा जल्द भुगतान किए जाने के आश्वासन पर ही वे माने। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष प्रियंक सक्सेना एवं प्रवक्ता रिंकेश सिंहल ने बताया, निगम कमिश्नर समेत अन्य अधिकारियों को कई बार मौखिक रूप से और पत्राचार के जरिए या ज्ञापन सौंपकर अटका पैमेंट जारी करने की गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। उल्टा अफसर आर्थिक हालत ठीक नहीं होने का रोना रो रहे हैं। इसलिए हमें नगर निगम के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया गया। अफसरों ने जल्द भुगतान करने का भरोसा दिया है। एसोसिएशन के प्रवक्ता रिंकेश सिंहल ने बताया, निगम के 500 से ज्यादा छोटे-बड़े ठेकेदार हैं, जो वर्कशॉप, गार्डन, झील से लेकर सिविल वर्क करते हैं। पिछले 5 साल से अधिकांश ठेकेदारों का लगभग 300 करोड़ रुपए का पेमेंट अटका है। दो साल से तो सुनवाई ही नहीं हो रही है। इस कारण ठेकेदारों की आर्थिक हालत खस्ता हो गई है। दीपावली पर मजदूरों को देने के लिए भी रुपए नहीं है। इसलिए सोमवार को प्रदर्शन किया। निगम जल्दी राशि जारी करता है तो ठेकेदारों के साथ मजदूरों की दीपावली भी बेहतर तरीके से मनाई जा सकेगी।




# जमीन सौदे के नाम पर हड़पे आठ लाख, महिला समेत दो पर धोखाधडी का केस दर्ज

**भोपाल।** राजधानी के सूखी सेवनिया इलाके में एक महिला और उसके साथी ने एक जमीन का दो लोगों से अनुबंध कर आठ लाख रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित जब जमीन की रजिस्ट्री कराने पहुंचा, तब धोखाधड़ी का खुलासा हुआ। जबकि इस जमीन पर तीसरे व्यक्ति का कब्जा है। शिकायती आवेदन की लंबी जांच के बाद अरेरा हिल्स पुलिस ने महिला समेत दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। सूखी सेवनिया थाना प्रभारी आरके सिंह ने बताया कि बाल विहार हनुमानगंज निवासी मोहम्मद इफ्तखार ने वर्ष 2013 में संपत बाई और दिनेश से अहमदपुर, सीहोर स्थित चार एकड़ जमीन का सौदा किया था। अनुबंध के दौरान इफ्तेखार ने एडवांस 4 लाख रुपये दिए थे। जमीन की रजिस्ट्री एक साल बाद वर्ष 2014 में होनी थी। जब इफ्तेखार जमीन की रजिस्ट्री के लिए पहुंचे तो पता लगा कि दोनों आरोपितों ने इस जमीन का अनुबंध तलैया निवासी रफीक से चार लाख रुपये लेकर किया है। जबकि जमीन पर किसी बाबूलाल का कब्जा है। इस तरह दो लोगों से आठ लाख रुपये की ठगी की। बाद में इफ्तेखार ने केस दर्ज करा दिया।

# ऑटोमोबाइल चारपहिया और दोपहिया वाहनों की चार गुना मांग बढ़ी



**भोपाल।** पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली को लेकर वाहनों का बाजार सज गया है। वाहनों की मांग पिछले साल के मुकाबले चार गुना तक बढ़ी है, लेकिन वाहनों की उपलब्धता कम है। इसके बाद भी इन दिनों के लिए वाहनों की अच्छी बुकिंग हुई है। एक शोरूम से 50 से 200 तक वाहनों की बिक्री होगी। डीलरों का कहना है कि कई वाहनों के लिए तो दो महीने तक ग्राहकों को प्रतीक्षा करना पड़ेगा। इनके मुताबिक हर तरह के वाहनों की मांग बढ़ी है। इसी तरह से दो पहिया वाहनों की मांग भी इस साल पिछले साल के मुकाबले 30 से 50 फीसद तक ज्यादा है। इसकी एक वजह यह भी है कि इस साल अच्छी फसल आने की उम्मीद है। कुछ डीलरों ने कंपनी की तरफ से तो कुछ ने अपने स्तर पर आफर भी दिए हैं। इसमें कम से कम डाउन पेमेंट और ऋण पर ब्याज का आफर भी शामिल है।

पुष्य नक्षत्र के लिए अच्छी बुकिंग हुई। करीब 50 वाहन बुक हुए हैं। इसके अलावा धनतेरस के लिए 150 और दीपवली के लिए 50 वाहन बुक हुए हैं। आम दिनों में रोज 5 से 10 वाहनों की बिक्री होती है। 5 लाख से 13 लाख तक के वाहन हैं। सभी की बुकिंग हुई है। हालांकि, वाहनों की जितनी मांग की है उतने वाहन उपलब्ध नहीं है।

**- प्रदीप मोटवानी, जीएम, मारुति नेक्सा**

### कांग्रेश के पदाधिकारियों ने महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा

# किसानों को खेती के लिए पर्याप्त बिजली नहीं मिलने से किसान नाराज




**कुंडम**.बघराजी किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने रविवार को विद्युत सबस्टेशन बघराजी में धरना आंदोलन कर देश और प्रदेश की सरकार को जमकर कोसा क्षेत्र में कम बारिश होने के कारण किसानों की धान की फसल बिजली सिंचाई पर आश्रित हो गई थी किंतु किसानों को घोषित 10 घंटे बिजली देने कि सरकार की घोषणा के बाद भी किसानों को 4 घंटे भी बिजली नहीं मिल पाई साथ ही दिन और रात में अनेकों बार बिजली ट्रिपिंग बिजली बार-बार कट होना इससे किसान परेशान हो चुके और इस बार उनकी फसल लगभग 75त्न बर्बाद हो गई है साथ ही सरकार ने डीजल पेट्रोल एवं बिजली के दाम भी कई गुना बढ़ा दिए हैं महंगाई की मार और फसल की बर्बादी से किसान की कमर ही टूट गई है बघराजी क्षेत्र का किसान सिर्फ खेती ही उनकी जीविका का साधन है इस दोहरी मार से परेशान लोगों ने केंद्र राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर मध्य प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा।

विद्युत विभाग के जे ई रंजन पांडे असिस्टेंट इंजीनियर सक्सेना जी एवं कुंडम तहसीलदार के माध्यम से पटवारी संदीप यादव बघराजी चौकी प्रभारी आरती मंडलोई को किसानों एवं किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने ज्ञापन सौंपा ज्ञापन सौंपने वालों में पूर्व विधायक श्री नन्हे लाल धुर्वे राजीव गांधी पंचायती राज के जिला संयोजक विवेक अवस्थी किसान कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सोनी किसान कांग्रेस के प्रदेश संगठन मंत्री बृजेंद्र प्रताप सिंह ठाकुर पं. सुभाष द्विवेदी कटनी से अमित सिंह पंडित संतोष मिश्रा खिलाड़ी सिंह आर्मी श्री सुरेंद्र खरे मनीष सोनी राम कुमार सोनी विपिन जायसवाल सुशील राय अरविंद साहू महेंद्र विश्वकर्मा अकरम खान लोटन सिंह सुरेश विश्वकर्मा घनश्याम विश्वकर्मा ने ज्ञापन सौंपा।

सभी लोगों ने सरकार पर आक्रोश व्यक्त करते हुए व्यक्त कहां अब देश झुक रहा है देश बिक भी रहा है लेकिन सारे लोग मोहन बैठे हैं यह प्रजातंत्र के लिए चिंता का विषय है। बढ़ती महंगाई और सरकार की मनमर्जी के लिए गांव में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया और मांग की किसानों को भरपूर बिजली दी जाए डीजल पेट्रोल के दामों में कमी की जाए बढ़ती महंगाई की समस्या से लोगों को निजात दिलाई जाए।

मंच संचालन सम्मानीय राजेश सोनी बघराजी वाला ने किया एवं बृजेश प्रताप सिंह ठाकुर ने सभी लोगों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर वैजनाथ विश्वकर्मा सुमेरा विश्वकर्मा संतोष विश्वकर्मा पंकज कुशवाहा आशुतोष दीक्षित अंशुल हर्ष शर्मा प्रियांशु खटीक सत्यम बर्मन लकी सोनी अंकित विकास यादव राहुल बर्मन संदीप धनगर विकास जायसवाल आनंद साहू अजय चक्रवर्ती सहित बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र के किसान मौजूद थे।

## रेत से भारी वाहन नापाकी सड़कों को कर रहे खराब

जैतहरी। अनूपपुर अमरकंटक मार्ग पूरी तरह से बंद होने के कारण अमरकंटक तरफ से आवागमन जैतहरी नगर पंचायत की सीमा से हो रहा है जहां की सड़कें भारी वाहनों के लिए निर्मित नहीं हुई है किंतु कई माह से रेत के भारी वाहन नगर परिषद की सड़कों से गुजर रहे हैं जिसके कारण सड़कों का क्षतिग्रस्त होना शुरू हो गया हैद्य इस संबंध में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती नवरत्नों शुक्ला ने कलेक्टर अनूपपुर सुस्ती सोनिया मीणा को पत्र लिखकर तत्काल रेत के भारी वाहन पर रोक लगाए जाने की मांग की है उन्होंने पत्र में लिखा है कि नगर परिषद जैतहरी के निर्मित सड़कों में से रेत के भरे भारी वाहन दिन-रात कई माह से निकल रहे हैं जिसके कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रहे हैं क्योंकि अनूपपुर अमरकंटक मार्ग बाधित होने के कारण संपूर्ण आवागमन जैतहरी से होकर अमरकंटक संचालित किया जा रहा है उन्होंने बताया कि जो सड़कें पूर्व की बनी है वह उस क्षमता की नहीं है जिस क्षमता से रेप परिवहन किया जा रहा है एवं ठेकेदार द्वारा मनमाने तरीके से नगर के बीच से रेत के बाहर निकाले जा रहे हैं जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घटित हो सकती है अतः रेत के भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगाई जाए जिससे नपा की सड़के सुरक्षित रह सकें



# मिट्टी की हो रही फिलिंग जिम्मेदारी अधिकारी मौन

**पाटन।** स्टेट हाईवे जबलपुर पाटन मार्ग पर सडक के दोनों और फिलिंग का कार्य किया जा रहा जो कि मप्र रोड डेवेलपमेंट की देख रेख में किया जा रहा पर सडक के जिन सोल्डर और गड्ढो को हार्ड मुरम से भरना था उन्हें सडक के किनारे की मिट्टी से भरा जा रहा जब स्थानिय लोगो द्वारा इस का विरोध किया गया तो मप्र रोड डेवेलपमेंट के अधिकारी द्वारा यह कह कर बात को टाल दिया गया कि सडक फिलिंग इसी से की जाएगी । गुरु पिपरिया निवासी ज्ञानेश शर्मा का कहना है कि अधिकारी किसी की नही सुन रहे हमारे मिट्टी की फिलिंग का विरोध किया गया तो उन का कहना है आप को जिस से शिकायत करना है कर दो बही ढावा संचालन राहुल पांडेय ने अधिकार से बात की तो सुपरवाइजर ने कहा कि हम आप का ढावा गिरा देगे जिस की शिकायत उन्होंने सी एम हेल्पलाइन के साथ पाटन तहसीलदार से भी की राहुल पांडेय का कहना है कि सडक किनारे जो मिट्टी की फिलिंग की जा रही है हल्की सी बारिश में वाहन मिट्टी में फिसल कर दुर्घटना का शिकार होंगे इस पर अधिकारी बोले कि सडक है ऐसे तो रोज लोग मरते आप को जो करना है कर लो।

### इनका कहना है

मप्रआरडीसी के संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले में बात हुई है जल्द ही सडक के दोनों और मिट्टी की जगह मुरम की फिलीग की जाएगी।

**प्रमोद चतुर्वेदी तहसीलदार पाटन**

## 3180 किलोग्राम महुआ लाहन व 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद



**गोटेगांव।** कलेक्टर नरसिंहपुर रोहित सिंह के निर्देशों के परिपालन में जिले में अवैध मदिरा के संग्रहण, परिवहन व विक्रय के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गाडरवारा में पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई के दौरान 3180 किलोग्राम महुआ लाहन (शराब बनाने का कच्चा माल) व 60 लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद की गई। जब्त की गई सामग्री एवं मदिरा का अनुमानित मूल्य एक लाख 65 हजार रूपये है। महुआ लाहन का सेंपल लेकर मौके पर विनष्टीकरण की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान अवैध मदिरा से संबंधित 8 प्रकरण दर्ज किये गये। ये प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 के प्रावधानों के तहत दर्ज किये गये। अभियान

**अवैध मदिरा के 8 प्रकरण दर्ज**

एसडीएम गाडरवारा सुश्री सृष्टि जयंत देशमुख, जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती अम्रता जैन व सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री डीसी चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में चलाया जा रहा है। इस दौरान आबकारी उप निरीक्षक श्री सतीश कुमार, आबकारी मुख्य आरक्षक श्री सदर सिंह बरकड़े, आबकारी आरक्षक श्री गोपाल राजपूत, श्री नवल सिंह, श्री लालजी चौधरी, पुलिस बल और नगर सैनिक मौजूद थे।

## पुलिया के नीचे गिरी कार आरक्षक की मौत

नरसिंहपुर यभाप्र। कहते है मौत कब और कैसे आ जाये कुछ कहा नहीं जा सकता, कुछ ऐसा ही वाक्या उस समय घटित हुआ जब एक आरक्षक अपनी कार से अपने गृहग्राम से मुंगवानी जा रहे थे तभी उनकी कार एक पुलिया के नीचे आ गिरी और उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर मुंगवानी थाना क्षेत्र में निजी कार से मुंगवानी जा रहे आरक्षक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक आरक्षक संदीप उईके छिंदवाड़ा जिले के निवासी है जो वर्तमान में नरसिंहपुर जिले के मुंगवानी थाने में पदस्थ है। लालपुर की ओर से गोरखपुर होते हुए मुंगवानी जाने वाले मार्ग पर पांजरा के समीप आरक्षक संदीप की निजी कार जिसे वह स्वयं चला रहे थे ।

## श्रेष्ठ फोटो पत्रकारिता के लिए जितेंद्र वैष्णव हुए सम्मानित



**विश्व ब्राहम्ण समाज संघ ने किया कार्यक्रम**

**जबलपुर।** जबलपुर के फोटो पत्रकार जितेंद्र वैष्णव जीतू को कोरोना काल में श्रेष्ठ फ टो पत्रकारिता के लिए मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल द्वारा सम्मानित किया गया। विश्व ब्राह्मण समाज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं योगेंद्र महंत के संयोजकत्व में इंदौर में आयोजित मध्य प्रदेश सेवा अलंकरण समारोह में प्रदेश की धर्म, संस्कृति, शिक्षा, समाजसेवा, खेल व पत्रकारिता जैसे विविध क्षेत्रों की विशिष्ट विभूतियों को सेवा अलंकरण से अलंकृत किया गया। उल्लेखनीय है कि जितेन्द्र वैष्णव ने पूरे कोरोना काल में अपनी जान जोखिम में डालकर दीनदुखियों की सेवा को ही ईश्वरीय आराधना मानते हुए जरूरतमंदों को अनाज,कोरोना पीड़ितों, हॉस्पिटल में बेड, इंजेक्शन व दवाइयों के लिए दर दर भटक रहे उनके परिजनों, चिकित्सकों व अस्पतालों के साथ ही कोरोना काल में बेहतर सेवा कार्य करने वाले प्रशासनिक अधिकारयों, चिकित्सकों, पुलिस कर्मियों व समाजसेवियों आदि का बेहतर कवरेज कर आमजन को राहत दिलाई। फोटो पत्रकार जितेन्द्र वैष्णव कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से जुड़कर धर्म और संस्कृति के संरक्षण संवर्धन हेतु सतत प्रयत्नशील हैं। इस गौरवशाली सम्मान के लिए जितेन्द्र वैष्णव के मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई दी है।

## 59 वर्ष की उम्र में साइकिल से यात्रा

**चचाई** विगत दिवस राजेश तिवारी वरिष्ठ केमिस्ट एवं पर्यावरण प्रकोष्ठ प्रभारी संजय गांधी ताप विद्युत गृह की बिरसिंहपुर पाली अपने साथ जितेंद्र मिश्र एवं मोहम्मद इरशाद के साथ ग्रीन इंडिया एवं क्लीन इंडिया का संदेश देने के लिए बिरसिंहपुर से चचाई सफलतापूर्वक यात्रा तथा दूसरे दिन पुनः चचाई से बिरसिंहपुर तक की यात्रा संपन्न की गई द्य59 वर्ष की उम्र में इस जज्बे एवं शौक तथा देश के प्रति कर्तव्य की चारों ओर प्रशंसा की जा रही है द्यबिरसिंहपुर से चचाई पहुंचने पर अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसपी तिवारी, अधीक्षण अभियंता सेवाएं संजय दुबे ,वरिष्ठ रसायनज् रूद्र शरण मिश्र ने माल्यार्पण करके स्वागत किया द्यराजेश तिवारी ने इस यात्रा का उद्देश्य ग्रीन इंडिया एवं क्लीन इंडिया बताया और कहा कि यात्रा युवाओं से अपील करने एवं प्रेरणा देने के लिए है कि यदि प्रत्येक व्यक्ति कार्बन उत्सर्जन कम करने में अपना योगदान दें तो पर्यावरण निश्चित रूप से संरक्षित रहेगा ।



## कर्मवीर की शहादत को सबने किया नमन

**अमलाई।** कश्मीर के शोपियां जिले इलाके में आतंकी मुठभेड़ में शहीद हुए प्रदेश के लाल कर्मवीर की शहादत पर अमलाई क्षेत्र में रॉयल राजपूत संगठन द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गईद्य रॉयल राजपूत संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा कैंडल जलाकर शहीद कर्मवीर को श्रद्धांजलि दी गईद्य इस अवसर पर रॉयल राजपूत संगठन के अखिलेश सिंह राकेश सिंह जयंत सिंह सौरव सिंह अंकित सिंह आदि उपस्थित रहे।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने त्यौहारों के मौसम में इनोवा क्रिस्टा का लिमिटेड एडिशन पेश किया



**एजेंसी।** बैंगलोर। जाने.माने इनोवा को भारत में पहली बार 2005 में पेश किए जाने के बाद 16 वर्षों से यह एमपीवी वर्ग में बेजोड़ है। अभी तक इसकी 9.00.000 से ज्यादा यूनिट बिक चुकी है ;क्रिस्टा समेत इनोवा क्रिस्टा 100 से ज्यादा विशिष्ट खासियतों से भरी हुई है। इससे इसका अनूठा होना रेखांकित होता है। इसके अलावाए लिमिटेड एडिशन अब ज्यादा तकनीकी खासियतों और उपकरणों से युक्त है। त्यौहारों के इस मौसम को और आकर्षक बनाने के लिए टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ;टीकेएम ने टोयोटा इनोवा क्रिस्टा लिमिटेड एडिशन पेश करने की घोषणा की। इसमें कई नई टेक्नालॉजी खासियतें हैं जो गुणवत्ता मजबूती और विश्वसनीयता की इसकी मौजूदा विरासत को उत्साहवर्धक और मजेदार बनाती हैं। विशिष्टता और सुविधा पेश करने के लिए डिजाइन किए गए इस पूरे पैकेज को इस तरह से तैयार किया गया है कि मशहूर एमपीवी की व्यवहार्यता और उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर किया जा सके। इनोवा क्रिस्टा में कई खासियतें हैं जैसे ऐप्पल कारप्ले और नए डिस्प्ले के साथ एनड्रायड ऑटो के अलावा कई उन्नत कनेक्टिविटी फंक्शन से युक्त है। इसके अलावा इसमें समलंब चतुर्भुज आकार के पियानो ब्लैक ग्रिलए जोरदार हेडलैम्प आकर्षक डायमंड कट अलॉयए इंटीरियर के कई रंगों का विकल्प है जैसे कालाए कैमलटैन और हेजल ब्राउन। इनमें 7 एसआरएस एयर बैग्सए वाहन की स्थिरता के लिए नियंत्रणए हिल स्टार्ट एसिस्ट कंट्रोलए इको और पावर ड्राइवमोडए क्रूज कंट्रोल और कोई 100 अन्य शानदार खासियतें।

# रसोई गैस के दामों में बढ़ोतरी होने से आम जनता की जेब पर पड़ेगा असर-राजेश

**अनूपपुर।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं ग्राम पंचायत चकेरी के उपसरपंच राजेश द्विवेदी ने कहा कि रसोई गैस के दामों में लगातार इजाफा किया जा रहा है जिस तरह से इसमें बढ़ोतरी की जा रही है उसे देखकर यही लगता है कि केंद्र में बैठी भाजपा सरकार को आम जनता के दुख दर्द से अब कोई सरोकार नहीं है महंगाई अपने चरम पर है पेट्रोल डीजल के दाम पहले से ही जनता के लिए परेशानी बनी हुई हैद्य अब रसोई गैस में इजाफा होने से सीधा लोगों के घरों का बजट बिगड़ रहा है एक तरफ केंद्र में बैठी भाजपा सरकार 2014 के चुनाव में अच्छे दिन लाने का वादा कर रही थी तो दूसरी तरफ बढ़ती महंगाई रुकने का नाम नहीं ले रही हैद्य राजेश द्विवेदी ने कहा कि पेट्रोल-डीजल 100 के पार हो चुके हैं घरेलू गए रसोई गैस के दाम भी हजार रुपए के करीब पहुंच गए हैं खाद्य पदार्थों के सामान आसमान छू रहे हैं रोजगार देने की बात जो सरकार कर रही थी उसमें भी वह असफल साबित हुई है इसके कारण हर नागरिक परेशान हैं लेकिन सरकार को इसकी चिंता नहीं है महंगाई पर रोक लगाने को लेकर सरकार को बड़े फैसले लेने होंगे क्योंकि बढ़ती महंगाई से इसका सीधा असर लोगों के बजट पर पड़ रहा है।

# दिन में एक ,तो रात में दो पोकलेन से होता है रेत का खनन

शहडोल। बरसात के मौसम में नदियों में रेत के खनन पर प्रतिबंध लगाया गया था और अक्टूबर माह में प्रतिबंध हटने के बाद ही खनिज कारोबारियों द्वारा नियमों से परे हटकर रेत का खनन किया जा रहा हैद्य बताया जाता है कि खनन कारोबारियों को नाही खनिज विभाग के अधिकारियों का भय है और ना ही राजस्व अमले का, तभी तो नदियों में दिन में एक तो रात में दो दो पोकलेन मशीन उतर रही हैं और रेत का खनन कर रही हैद्य सूत्र बताते हैं कि शहडोल एवं उमरिया जिले के मध्य मझौली में सोन नदी में भारी मशीनें और हाईवा नदियों में उतरकर रेत लोड कर उत्तर प्रदेश या शहडोल के लिए रवाना हो रही हैद्य खनन कारोबारियों के हौसले किस प्रकार से बुलंद है यह इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि, कारोबारियों ने नदी के धार को रोककर बीच नदी में ही मार्ग बनवा दिया है जहां से रेत का परिवहन किया जा रहा हैद्य पखवाड़े भर पूर्व की बात की जाए तो पौड़ी स्थित खदान में छापामार कार्यवाही की गई थी जिसमें 42 हाईवा पोकलेन मशीन एवं पनडुब्बी भी जप्त की गई थीद्य उक्त क्षेत्र उमरिया जिले से सटा हुआ थाद्य रेत खनन का प्रतिबंध हटते ही रेत खनन के कारोबारियों के हौसले बुलंद हो चुके हैंद्य नियम कानून एवं कायदे से परे होकर खनन किया जा रहा है लेकिन देखने सुनने वाला कोई नहीं हैद्य आखिरकार संभाग में नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए रेत का खनन कर रहे कारोबारियों पर नकेल कब तक कसा जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने कचनार का पौधा लगाया

**नरसिंहपुर यभाप्र।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने स्मार्ट उद्यान में कचनार का पौधा रोपा। मुख्यमंत्री श्री चौहान अपने संकल्प के क्रम में प्रतिदिन पौधरोपण कर रहे हैं। इस अवसर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेन्द्र सिंह भी उपस्थित थे। कचनार सुंदर फूलों वाला वृक्ष है। कचनार के छोटे अथवा मध्यम ऊँचाई के वृक्ष पूरे भारत में सर्वत्र पाए जाते हैं। कई पेड़ पौधे प्राकृतिक रूप में औषधिय गुणों से भरपूर है। इन्हीं में से कचनार भी एक है।

**खण्डवा में लोकसभा उपचुनाव**

## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री ने व्यापारियों से की मुलाकात



जबलपुर । खण्डवा में भा ज पा प्रत्याशी के समर्थन में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने व्यापारियों से की मुलाकात की इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# श्रीराम सुपर 111 और 1एसआर 14 गेहूं बीज मध्यप्रदेश के किसानो को दे रहा है बेहतर

**छिंदवाडा।** मध्यप्रदेश के किसानों ने बताया कि डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की युनिट श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स की और से पेश किए गए श्रीराम सुपर 111 और 1एसआर 14 गेहूं बीज से उनकी उत्पादकता बढ़ती है। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स ने किसानों की फसल उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक एवं अनुसंधान. उन्मुख प्रोडक्ट्स विकसित किए हैं।कई वर्षों से श्रीराम सुपर 111 गेहूं बीज मध्य प्रदेश के किसानों में बेहद लोकप्रिय हैं। इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए पिछले वर्ष एक और उत्तम किस्म श्रीराम सुपर 1 एसआर 14 को उपलब्ध कराया गया जो किसानों की पहली पसंद बन रही है। श्रीराम फ़र्टिलाइज़र्स एण्ड केमिकल्स के विश्वविख्यात गेहूं वैज्ञानिकों द्वारा इन किस्मों को तैयार किया गया है।श्रीराम सुपर 111 और 1एसआर 14 गेहू बीज इनकी अनुकूलन क्षमता और बेहतरीन उत्पादकता के चलते किसानों में बहुत लोकप्रिय हैं। इनका दाना मोटा और चमकदार हैए इनसे चारा भी ज्यादा मिलता है साथ ही इनकी गेहूं से बनी चपाती बहुत अच्छी गुणवत्ता की होती है। अपनी इन्हीं विशेषताओं के चलते ये दोनों किस्में मध्यप्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और गुजरात के किसानों की पहली पसंद बन गई हैं।नरसिंहपुर से किसान गुरेन सिंह ने श्रीराम सुपर 111 गेहूं बीज की बुवाई की थी और वे इसके बेहतर परिणाम से काफी प्रभावित हुए हैं। उनका कहना है कि जहां अन्य किस्म में प्रति बाली 55.60 दाने प्राप्त हुए थेए वहीं श्रीराम सुपर 111 की प्रति बाली में 80.100 दाने पाए गए। गुरेन सिंह उपज के अंतर की बात करते हुए कहते हैं कि उन्हें श्रीराम सुपर 111 में 22.25 क्विंटल प्रति एकड़ उपज़ मिली है वहीं अन्य किस्म में 18.20 क्विंटल प्रति एकड़ ही उत्पादन मिला है। अगले साल वो अपनी पूरी ज़मीन पर श्रीराम सुपर 111 बीज ही लगाएंगे। साथ ही साथ श्रीराम द्वारा बाजार में लायी गई नई किस्म श्रीराम सुपर 1एसआर 14 से किसान बहुत खुश हैं व उत्तम परिणाम पा रहे हैं।रेवा से अनुभवी किसान पुरूषोत्तम सिंह ने पिछले साल अपने खेत में श्रीराम सुपर 1ै.त.14 गेहू बीज की बुवाई की थी। उनका कहना है कि इसमें कल्लों की संख्या अधिक और बालियों की लम्बाई काफी ज्यादा है। साथ ही साथ उन्हें प्रति बाली दानों की संख्या 60.65 प्राप्त हुई। वे अन्य किसानों को भी श्रीराम सुपर 1एसआर 14 लगाने की सलाह देते हैं।श्रीराम सुपर 111 और 1एसआर 14 गेहूं बीज के साथ.साथए श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स के अन्य प्रोडक्ट जैसे श्रीराम सुपर 252 और श्रीराम सुपर 303 भी पिछले कुछ सालों से अपनी शानदार परफोर्मेन्स के चलते किसानों में बेहद लोकप्रिय हो गए हैं।श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स 131 वर्ष पुराने डीसीएम श्रीराम लिमिटेड की एक ईकाई है। एक अग्रणी बिजनेस ग्रुप जिसका टर्नओवर 7767 करोड है। श्रीराम फार्म सोल्यूशन्स एग्री.इनपुट जैसे बीजए स्पेशलटी न्यूट्रिशन एवं फसल संरक्षण श्रेणियों के कारोबार में सक्रिय है।




# कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर बैठक



**सिहोरा।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला संरक्षक योगेन्द्र दुबे की उपस्थिति में गांधीग्राम स्थित संघ के तहसील कार्यालय में तहसील के अधिकारियों, कर्मचारियों की मांगो व समस्याओं पर विस्तार से चर्चा व रणनीति हेतु बैठक आयोजित की गई।बैठक के शुभारंभ में मोर्चा में सक्रिय भूमिका निर्वहन करने व कर्मचारियों की समस्याओं का पक्ष रखने के लिए अधिकारी,कर्मचारी संयुक्त मोर्चा सिहोरा तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा का मोर्चा के जिला संरक्षक योगेंद्र दुबे ,मुकेश सिंह,मंसूर वेग, आशुतोष तिवारी,दुर्गेश पांडेय द्वारा पुष्पहारों से स्वागत किया गया। इस दौरान हाल ही में प्राप्त 8 प्रतिशत डी ए व शेष रह गए व केन्द्र के समान डी ए में लगातार बढ़ रहे अंतर पर सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की गई। मोर्चा जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, नरेश शुक्ला, प्रशांत सोधिया, योगेश चौधरी, विश्वदीप पटेरिया, प्रकाश मिश्रा, उमाकांत पटेल,उत्तम तिवारी, शिवदत्त मिश्रा, जयप्रकाश मेहरा,एस के चौबे,मुकेश चतुर्वेदी, संतोष मिश्रा, देव डोनेरिया, धीरेंद्र सिंह, प्रदीप पटेल,एस के बांदिल, मुकेश मराकाम,रवि दहायत, अजय दुबे, राजेन्द्र त्रिपाठी, रवि बांगड़, पी एल गौतम, अनुज तिवारी ने आंदोलनों में सक्रिय भूमिका निभाने पर सिहोरा तहसील के समस्त पदाधिकारियों को धन्यवाद प्रेषित किया है।

## गुरु उपकार दिवस के रुप में मनाया गया मुनिश्री का जन्मोत्सव

तेंदूखेड़ा यभाप्र। दिगम्बर जैन मंदिर में विराजमान मुनि श्री कुंथु सागर जी महाराज का 43 वां जन्मदिवस भक्तों के द्वारा गुरु उपकार दिवस के रूप में हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया ।इस पावन अवसर पर नेहा नगर सागर करेली मंदसौर भोपाल डोभी,बरमान आदि अनेक स्थानों से श्रृद्धालु पधारे मुनि श्री के दर्शन करके उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। सर्वप्रथम आचार्य प्रवर श्री विद्यासागर जी महाराज एवं मुनि श्री कुंथु सागर जी महाराज की सुसज्जित दिव्य आकर्षक अष्टद्रव्य के द्वारा भक्तों के द्वारा पूरी भक्ति भावना के साथ पूजन अर्चन की गई ।धर्म सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तों के समूह को अपनी अमृतवाणी से संबोधित करते हुए मुनि श्री कुंथु सागर जी महाराज ने कहा कि जब तक जीव को मोक्ष नहीं होता है तब तक उसे जन्म जरा एवं मरण के दुखों को सहन करना ही पड़ता है ।संसार में जिसका जन्म हुआ है उसका मरण भी निश्चित रूप से होता ही है यह ध्रुव सत्य है। जब यह जीव पूर्ण संयम को अंगीकार करके अष्ट कर्मो का क्षय करके मोक्ष प्राप्त कर लेता है तो उसके बाद उसे पुनः जन्म नहीं लेना पड़ता है वह संसार के आवागमन से मुक्त हो जाता है शाश्वत सुख को प्राप्त कर लेता है ।जैन दर्शन के अनुसार जन्म दिवस समारोह नहीं मनाया जाता है बल्कि यहां तो मृत्यु महोत्सव मनाया जाता है। मृत्यु महोत्सव उसी का मनाया जाता है जो समाधि पूर्वक अपने जीवन को सार्थक कर लेता है।




# ...कि हार्दिक पांड्या को टीम में रखना जरूरी हो गया

दुबई। यहां कौन किसको धोखा दे रहा है? हार्दिक पांड्या, चयनकर्ता को या चयनकर्ता, टीम को या टीम, प्रशंसकों को? बीसीसीआइ को इसे देखना होगा क्योंकि जो पांड्या रविवार को खुद कह रहे थे कि अभी वह गेंदबाजी करने की स्थिति में नहीं हैं, उन्हें चयनकर्ताओं ने करीब एक महीने पहले किस आधार पर आलराउंडर मानते हुए विश्व कप की टीम में रख दिया। चयनसमिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने नौ सितंबर को कहा था कि हार्दिक 100 फीसद फिट हैं और वह हर मैच में अपने कोटे के पूरे ओवर डालेंगे। हार्दिक भारत के शीर्ष आलराउंडर हैं और हम टीम में ज्यादा से ज्यादा आलराउंडर रखना चाहते हैं। विश्व कप से पहले हम उन्हें बचाना चाह रहे थे, लेकिन वह 100 फीसद फिट हैं। इसका मतलब है कि या तो चेतन शर्मा झूठ बोल रहे हैं या पांड्या? पांड्या झूठ बोल नहीं सकते क्योंकि उन्हें उनके शरीर के बारे में सबसे ज्यादा पता है। हालांकि यह जरूर हो सकता है कि चयनकर्ताओं को टीम प्रबंधन की तरफ से पांड्या के बारे में यह बताया गया हो कि वह विश्व कप तक गेंदबाजी के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन ऐसे में क्या चयनकर्ताओं ने पांड्या की फिटनेस रिपोर्ट नहीं देखी? क्या उन्होंने सिर्फ मुंह जुबानी दिए वादों को मानकर इतना बड़ा फैसला कर लिया। टीम घोषणा के बाद यूएई में ही आइपीएल का दूसरा चरण हुआ जिसमें पांड्या ने मुंबई इंडियंस के लिए एक भी गेंद नहीं फेंकी। जब इस बारे में मुंबई इंडियंस के कप्तान और भारतीय टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा से नौ अक्टूबर को पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि वह अगले सप्ताह से गेंदबाजी करना शुरू कर देंगे। फिजियो और ट्रेनर उनके साथ काम कर रहे हैं। वह हर दिन बेहतर हो रहे हैं। हालांकि सही जानकारी डाक्टर और फिजियो दे पाएंगे। इसके बाद भारतीय कप्तान विराट कोहली ने 23 अक्टूबर को कहा कि मुझे लगता है कि टूर्नामेंट में एक समय पर हार्दिक दो ओवर डालने की स्थिति में होंगे। एक बार फिर चयनकर्ता का रोल आता है। आइसीसी ने टीम में परिवर्तन की अंतिम तारीख बढ़ाई थी। इस दौरान चयनकर्ताओं ने देख लिया था कि पांड्या मुंबई के लिए गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं तो टीम में बदलाव किया जा सकता था लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। उन्होंने पांड्या की गेंदबाजी नहीं करने की स्थिति को देखते हुए स्पिनर अक्षर पटेल की जगह तेज गेंदबाज शार्दुल ठाकुर को 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया लेकिन वह कड़ा फैसला नहीं ले सके।



फिलहाल गेंदबाजी करने की स्थिति में नहीं हैं पांड्या - अब ये लोग जो भी कह रहे हों, एक जानकार के नाते मैं ये कह सकता हूं कि आइसीसी अकादमी में 20 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए मैच में पांड्या गेंदबाजी करने की स्थिति में तो दूर तेजी से झुकने की स्थिति में भी नजर नहीं आ रहे थे। जब बाहर से बैठकर हम लोगों को यह दिख रहा था तो अंदर बैठे लोगों को यह नहीं दिख रहा होगा ऐसा तो हो नहीं सकता। अब या तो उन्होंने ना दिखने का नाटक किया या वे देखना ही नहीं चाहते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ महामुकाबले में पांड्या ने आठ गेंदों में 11 रन बनाए। इसमें एक चौका तो उनके बल्ले से छूकर पीछे की तरफ चौके के लिए गया। इसमें वह भाग्यशाली रहे। एक चौका उन्होंने फुलटास गेंद पर मारा। पाकिस्तानी गेंदबाजों को पता था कि उनकी कमर में समस्या है और यही कारण था कि उनके गेंदबाज आफ स्टंप के बाहर गेंद खिला रहे थे। इसी कारण पांड्या ने दो गेंद मिस भी कीं। इसी दौरान एक गेंद उनके कंधे में लगी और उनका स्कैन किया गया है। बीसीसीआइ ने अभी तक स्कैन के आगे का अपडेट नहीं दिया है।

ऐसी क्या मजबूरी - भारतीय टीम को पांड्या को खिलाने की ऐसी क्या मजबूरी है? अगर वह फिट नहीं हैं तो उन्हें फिट होने देना चाहिए क्योंकि वह गेंद तो छोड़िए बल्ले से भी मैच जिताने की स्थिति में नजर नहीं आ रहे हैं। हालांकि जितना मुझे पता है रोहित ही नहीं, विराट और मेंटर महेंद्र सिंह धौनी भी उन्हें पसंद करते हैं। एक बात और हार्दिक ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले कहा था कि मेरी पीठ ठीक है। पहले परेशानी थी। अभी मैं गेंदबाजी नहीं करूंगा। नाकआउट के नजदीक में मैं गेंदबाजी करने की स्थिति में रहूंगा।

चेतन शर्मा (मुख्य चयनकर्ता), नौ सितंबर - हार्दिक सौ फीसद फिट हैं। वह हर मैच में अपने कोटे के पूरे ओवर डालेंगे।

रोहित शर्मा (उप कप्तान), नौ अक्टूबर - हार्दिक अगले सप्ताह से गेंदबाजी करना शुरू कर देंगे। वह हर दिन बेहतर हो रहे हैं।

विराट कोहली (कप्तान), 23 अक्टूबर - टूर्नामेंट में एक समय पर हार्दिक दो ओवर डालने की स्थिति में होंगे।

हार्दिक पांड्या, 24 अक्टूबर - फिलहाल मैं गेंदबाजी नहीं करूंगा। मैं नाकआउट के पास में गेंद डालने की स्थिति में रहूंगा।

### समस्या कहां है

अक्टूबर-2019 में पांड्या ने लंदन में लोअर बैक सर्जरी कराई। इसके बाद से उनका करियर डगमगा गया है। 2018 के बाद से उन्हें किसी टेस्ट मैच में खेलने का मौका नहीं मिला। जहां तक टी-20 की बात है तो उन्होंने आपरेशन के बाद इस साल अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टी-20 मैचों में 17 और श्रीलंका के खिलाफ एक मैच में दो ओवर डाले। इन छह मैचों में उन्होंने चार विकेट भी लिए लेकिन उनकी वह फार्म नहीं दिखी जिसके लिए वह जाने जाते थे।

# सलमान बट ने वरुण चक्रवर्ती की उड़ाई खिल्ली

### कहा- पाकिस्तान में हर बच्चा गली क्रिकेट में करता है ऐसी गेंदबाजी

पाकिस्तान के पूर्व कप्तान सलमान बट ने भारत के उभरते हुए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को लेकर तंज कसा है। उन्होंने कहा, वरुण एक रहस्य गेंदबाज हो सकते हैं लेकिन बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान कोई आश्चर्य नहीं था। रविवार को दुबई में खेले गए टी-20 विश्व कप मैच में पाकिस्तान ने भारत को 10 विकेट से हराया।

### मिस्ट्री स्पिनर माने जाते हैं वरुण

भारत के स्पिन गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने अपनी पहचान मिस्ट्री बॉलर के तौर पर बनाई है। उन्हें किस्म-किस्म की गेंदें करने में महारत हासिल है। हाल ही में यूएई में संपन्न हुए आईपीएल के दूसरे चरण में वह सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उनके हालिया प्रदर्शन को देखते हुए विराट कोहली और टीम मैनेजमेंट ने इस अहम मुकाबले में आर अश्विन से ज्यादा तरजीह दी। लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ खेले गए मैच में वह अन्य भारतीय गेंदबाजों की तरह संघर्ष करते नजर आए और एक भी विकेट नहीं ले सके।

### बट ने कसा वरुण पर तंज

सलमान बट ने कहा, वरुण चक्रवर्ती रहस्य गेंदबाज हो सकते हैं, लेकिन वह हमें आश्चर्यचकित नहीं कर पाए, पाकिस्तान में बहुत से बच्चे टेप बॉल से क्रिकेट खेलते हैं, पाकिस्तान की गली क्रिकेट में हर बच्चा इस तरह की गेंदबाजी करता है। सलमान ने इस दौरान श्रीलंका के पूर्व गेंदबाज अजंता मेंडिल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें भी रहस्य गेंदबाज कहा जाता था लेकिन वह पाकिस्तान के खिलाफ ज्यादा सफल नहीं हुए। उन्होंने कहा, करियर की शुरुआत में मेंडिस ने कई टीमों को परेशान किया, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ उनका रिकॉर्ड कमजोर रहा।

### पाकिस्तान के खिलाफ दोबारा नहीं खेल सकते वरुण

सलमान बट ने आगे कहा कि वरुण चक्रवर्ती पाकिस्तान के खिलाफ फिरसे नहीं खेल सकते हैं, यह देखते हुए कि बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान ने उनके खिलाफ कितनी आसानी रन बनाए। बट के मुताबिक, मुझे नहीं लगता भारत चक्रवर्ती को दोबारा पाकिस्तान के खिलाफ खेलने का मौका देगा अगर भारत दोबारा ऐसा करता है तो परिणाम फिर वही रहेगा।



# एक हार का मतलब भारतीय टीम का टूर्नामेंट से बाहर होना नहीं



### सुनील गावस्कर ने बताया वापसी का मंत्र

सुनील गावस्कर का कालम। सुबह उठने के बाद मैंने जैसे ही पर्दे हटाए तो मैंने सूरज को अपनी पूरे तेज के साथ चमक बिखेरते देखा। एक बार फिर गहरे अंधेरे के बाद सूरज की उजली किरण नजर आई। भारतीय टीम को यही बात याद रखनी होगी, फिर भले ही टीम को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के हाथों एकतरफा हार का सामना करना पड़ा हो। विराट कोहली की असाधारण उपलब्धियों के बावजूद अब उनके साथ करीब 30 साल में विश्व कप में पाकिस्तान के हाथों हारने वाला पहला भारतीय कप्तान बनने का अनचाहा तमगा जुड़ गया है। विराट कोहली ने साफ कर दिया कि ये भारत का दिन नहीं था और अब टीम इस मैच से सबक सीखेगी और आगे बढ़ेगी। जी हां, भारत अब भी आइसीसी विश्व कप जीत सकता है क्योंकि एक हार का ये मतलब नहीं है कि टीम टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। महान टीमें खुद को जमीन से उठा लेती हैं और भारतीय टीम ऐसा करने में सक्षम है। इसीलिए ये अहम है कि पाकिस्तान से मिली हार के लिए दूसरे खिलाड़ियों पर अंगुली उठाने की बजाय टीम के साथ खड़ा हुआ जाए। शाहीन शाह अफरीदी ने अपने शुरुआती स्पैल की धमाकेदार शुरुआत की और दोनों ओपनर रोहित शर्मा व केएल राहुल को आउट कर दिया। इसके बाद सूर्यकुमार यादव खराब शाट खेलकर आउट हुए और महम्मद रिजवान ने उनका जबरदस्त कैच पकड़ा, जिन्होंने बाद में कप्तान बाबर आजम के साथ मिलकर जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए टीम को बिना विकेट खोए जीत दिला दी। ये ऐसी जीत थी जो टीम को ये विश्वास देगी कि वो बेहद मजबूत दल है। पाकिस्तान को अब न्यूजीलैंड का सामना करना है। बेशक दर्शकों के लिए ये मैच इतना बड़ा न हो लेकिन पाकिस्तान को इस मुकाबले को उतनी ही शिद्दत से खेलना होगा जैसा खेल उसने भारत के खिलाफ दिखाया। न्यूजीलैंड की टीम छिपी रुस्तम है और विरोधी टीमों को चौंकाने की काबिलियत रखती है। एक अन्य मैच में अपने शुरुआती मैच गंवाने वाली दो टीमों दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच मुकाबला होगा। दोनों टीमें अंक तालिका में खाता खोलने के इरादे से मैदान पर कदम रखेंगी। दक्षिण अफ्रीका ने आस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले में छोटे से लक्ष्य का बचाव करते हुए मैच को अंतिम ओवर तक पहुंचा दिया था, जिससे इस टीम की फाइटिंग स्प्रिट का पता चलता है। वहीं, दूसरी ओर वेस्टइंडीज की टीम ने अपने पहले मैच में साधारण प्रदर्शन किया और उन्हें धमाकेदार वापसी के लिए बड़ा प्रयास करना होगा। विंडीज टीम में इस प्रारूप के कुछ बेहद जबरदस्त खिलाड़ी हैं जो असंभव परिस्थितियों से वापसी करने में सक्षम हैं। अब जबकि बहुप्रतीक्षित मुकाबला खत्म हो चुका है तो आइसीसी विश्व कप सामान्य तरीके से आगे बढ़ सकता है और प्रशंसक उपमहाद्वीप के अलावा कुछ और शानदार खिलाड़ियों का प्रदर्शन देख सकते हैं।



# एंकर ने शाह रुख खान को दी पाकिस्तान में रहने की सलाह, ट्रोलर्स ने याद दिला दिया किंग खान का खर्चा

नई दिल्ली। बॉलीवुड के दिग्गज और मशहूर अभिनेता शाह रुख खान के चाहने वाले केवल भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में हैं। उनके बेटे आर्यन खान इन दिनों एक ड्रग्स मामले में जेल में बंद हैं। ऐसे में शाह रुख खान और आर्यन खान को लेकर दुनिया के बहुत से लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान एक एंकर और पत्रकार ने भी आर्यन खान ड्रग्स केस को लेकर शाह रुख खान के लिए बड़ी बात कही है। यह पाकिस्तनी एंकर वकार जाका हैं। वकार जाका पाकिस्तान के मशहूर एंकर और पत्रकारों में से एक हैं। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए आर्यन खान ड्रग्स पर शाह रुख खान का सपोर्ट किया है। साथ ही उन्हें भारत छोड़ पाकिस्तान में रहने की सलाह दे डाली हैं। हालांकि वकार जाका को किंग खान के लिए यह बात कहना काफी भारी बड़ गए है। कई सोशल मीडिया यूजर्स उन्हें जमकर ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल वकार जाका ने हाल ही में अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट पर शाह रुख खान को लेकर लिखा, %शाह रुख खान सर, भारत छोड़िए और परिवार के साथ पाकिस्तान में शिफ्ट हो जाइए। नरेंद्र मोदी सरकार आपके साथ जो कर रही है, यह बेवकूफी है। मैं शाह रुख खान के साथ खड़ा हूं। सोशल मीडिया पर वकार जाका का यह ट्वीट तेजी से वायरल हो रहा है। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने कमेंट कर उन्हें ट्रोल किया है।

Syed Wasif नाम के यूजर ने कमेंट कर लिखा, वकार भाई वह (शाह रुख खान) अपनी सुपरकार का कलेक्शन पाकिस्तान रोड पर कैसे चलाएंगे? ZAHID HUSSAIN ने लिखा है, पाकिस्तान शाह रुख खान का खर्चा नहीं उठा पाएंगा। उन्हें हॉलीवुड जाना चाहिए। blomkist ने लिखा, शाह रुख जानते हैं कि भारत में उनके बुरे दिन भी पाकिस्तान में रहने से बेहतर हैं....पाकिस्तान इतना गरीब देश है कि उनके लिए थोड़ी कमाई भी नहीं की जा सकती...।

# फेसबुक ने हटाए शमी को लेकर भद्दे कमेंट्स

आईसीसी टी-20 विश्व कप में रविवार को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला गया। इस मैच में पाकिस्तान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए टीम इंडिया को 10 विकेट से हराया था। इसके बाद सोशल मीडिया पर भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को लेकर भद्दे कमेंट्स किए गए। वहीं, फेसबुक ने एक्शन लेते हुए मोहम्मद शमी के खिलाफ किए गए भद्दे कमेंट को हटा लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ मिली हार के बाद शमी को लेकर सोशल मीडिया भद्दे कमेंट्स और आपित्तजनक भाषा से पट गया था। शमी भारत की टीम में शामिल इकलौते मुस्लिम खिलाड़ी हैं।




### महंगे साबित हुए थे शमी

पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले में मोहम्मद शमी काफी महंगे साबित हुए थे। उन्होंने इस दौरान 3.5 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 43 रन दिए और विकेट लेने में नाकाम रहे। मुकाबले के बाद ही सोशल मीडिया पर शमी को लेकर भद्दे कमेंट्स की बाढ़ आ गई। जिसके बाद फेसबुक ने यह एक्शन लिया।

### प्रताड़ित होने की जरूरत नहीं

फेसबुक प्रवक्ता के मुताबिक, किसी को भी कहीं भी प्रताड़ित होने की जरूरत नहीं है, उन्होंने कहा, हम इस बात को अपने प्लेटफॉर्म पर नहीं होने देना चाहते, हमने मोहम्मद शमी को निशाना बनाकर किए गए भद्दे कमेंट्स को हटा दिया है, हम ऐसी कार्रवाई करना जारी रखेंगे जो सामाजिक संहिता का उल्लंघन करते हैं।

### सचिन ने किया बचाव

पाकिस्तान के खिलाफ मैच हारने बाद मोहम्मद शमी जमकर ट्रोल हुए थे जिसके बाद सचिन तेंदुलकर को उनके बचाव में उतरना पड़ा। सचिन ने ट्वीट कर लिखा, जब हम भारतीय का समर्थन करते हैं तो हम हर उस खिलाड़ी का सपोर्ट करते हैं जो भाररत का प्रतिनिधत्वि करता है, शमी एक शानदार गेंदबाज हैं, किसी भी खिलाड़ी की तरह उनका भी एक दिन खराब हो सकता है, मैं मोहम्मद शमी और टीम इंडिया का समर्थन करता हूं।

### पहले मैच में भारत को मिली थी हार

दुबई में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए टी-20 विश्व कप मैच में भारत को 10 विकेट से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। भारत ने पहले खेलते हुए सात विकेट पर 151 रन बनाए। जीत के लिए 152 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पाकिस्तान टीम ने 17.5 ओवर में टारेगट हासिल कर लिया। इस दौरान मोहम्मद रिजवान 79 और बाबर आजम 68 रन बनाकर नाबाद रहे। यह विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ पाकिस्तान की पहली जीत था। इससे पहले टीम इंडिया ने पाकिस्तान को वर्ल्ड कप मैचों में लगातार 12 बार हराया था।






# चरगवां में भीषण सड़क हादसा

# 47 घायल मजदूर मेडीकल अस्पताल पहुंचे

# गंगई मोड़ पर पलटी बस

## सुनवारा से जबलपुर आ रही थी बस, घटना स्थल पर मची चीख-पुकार, घायलों को अस्पताल में किया गया भर्ती, कई गंभीर

**जबलपुर, यशभारत। चरगवां के गंगई मेन रोड मोड़ पर सुनवारा से जबलपुर आ रही मजदूरों से भरी एक बस आज मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे अचानक पलट गयी। बस में करीब 50 से अधिक मजदूर सवार थे। भीषण सड़क हादसे में करीब 30 मजदूर बुरी तरह घायल हो हुए हैं, जिसमें एक दर्जन की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के दौरान जैसे ही बस मोड़ पर लपटी, मजदूरों में चीख-पुकार मच गयी । आनन-फानन में घायलों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। हादसे की खबर जैसे ही आसपास लगी, मौके पर विधायक संजय यादव सहित लोगों का घटना स्थल पर भारी जमावड़ा लग गया। वहीं सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने बस चालक को अभिरक्षा में ले लिया है।**

जानकारी अनुसार राजराजेश्वरी बस क्रमांक एमपी 20 डीए 0210 सुनवारा से आज सुबह जबलपुर आ रही थी, तभी गंगई मुख्य मार्ग पर मोड़ में तेज रफ्तार बस पलट गयी। इस हादसे में बस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी तो वहीं इसमें सवार 30 मजदूर लहूलुहान हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। इस हादसे में करीब 15 घायल मजदूरों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूचना पाकर घटना स्थल पर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया।


घायलों का हालचाल पूछते विधायक संजय यादव



### मजदूर थे सवार

थाना प्रभारी विनोद पाठक ने बताया कि बस में सभी मजदूर सवार थे जो मानेगांव फॉर्म हाउस मजदूरी करने जा रहे थे। तभी बस बीच में गंगई में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। बस राजेश वर्मा की है, जिसे चालक मुरारी यादव चला रहा था।

### तेज रफ्तार से हुई दुर्घटना

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बस की रफ्तार बहुत तेज थी, जिसके चलते चालक ने गंगई मोड़ पर बस की रफ्तार कम करने की कोशिश में ब्रेक लगा दिया और बस अनियंत्रित होकर पलट गयी। पुलिस ने मामला दर्ज कर, चालक मुरारी यादव को अभिरक्षा में ले लिया है। मामले की जांच जारी है।

### ये मजदूर हुए हादसे में गंभीर

- श्रीमती सुकवती पति संतोष ठाकुर उम्र 40 वर्ष, दाहिने हाथ और कमर में चोट
- प्रिया ठाकुर पिता कैलाश ठाकुर उम्र 17 बस, कोहनी गर्दन और हाथ में चोट
- कुमारी सपना मरावी उम्र 17 साल, दाहिने पैर के घुटने में
- कुमारी सुमन उम्र 15 वर्ष, दाहिने हाथ में चोट
- दोत्तरा बाई पति शंकर ठाकुर उम्र 40, दाहिने हाथ का कंधा
- सरोज ठाकुर उम्र 40 वर्ष, दाहिने हाथ का कंधा फ्रेक्चर गीता बाई उम्र 40 गर्दन में चोट
- इसी तरह सोमवती , घाना बाई, गीता बाई, प्रीती बाई ठाकुर, लक्ष्मी बाई, राजकुमार ठाकुर, कलाबाई, सपना सिंग ठाकुर सहित दो दर्जन से अधिक मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं।

### क्षमता से अधिक यात्री से सवार

हादसे के दौरान बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे। बताया जा रहा है कि बस का परमिट 30 सीटर का था, लेकिन बस में करीब 50 से अधिक लोग सवार थे। जो हादसे का मुख्य कारण बना।

**फोटो- बबलू**

# नकली ऑयल फैक्ट्री पर पुलिस का छापा

### 8 लाख का लूज ऑयल , 7 लाख का कच्चा माल बरामद

जबलपुर, यशभारत। सगड़ा क्रेशर बस्ती में उस समय हड़कंप मच गया जब तिलवारा पुलिस ने नकली ऑयल फैक्ट्री पर छापा मारते हुए 20 ड्रम यानी करीब 4 हजार लीटर ऑयल जब्त किया, जिसकी कीमत मार्केट में 8 लाख रुपए आंकी गई है । इसके साथ ही 7 लाख रुपए कीमत काऑयल पैकिंग में उपयोग होने वाला कच्चा माल और अन्य सामान, कीमत कब्जे में लिया गया। इस मामले में पुलिस ने तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा के निर्देशन में सीएसपी प्रियंका शुक्ला और प्रशिक्षु डीएसपी राहुल सैयाम के द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि सगड़ा क्रेशर बस्ती पंजाब नेशनल बैंक कॉलोनी में नकली ऑयल निर्माण का गोरखधंधा संचालित हो रहा है। पुलिस ने छापामार कार्रवाई की तो आरोपी के घर में बड़ी तादात में नकली ऑयल पैकिंग का काम हो रहा था। पुलिस को देखकर काम कर रहे कर्मचारी भागने की कोशिश करने लगे। लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर डिम्पल उर्फ दीपक पिता वीरबल सिंह चौधरी और उसका भाई सोनू चौधरी उम्र 34 साल संजीवनी नगर परसवाड़ा निवासी को अभिरक्षा में लेते हुए पूछताछ की तो दोनों ने बताया कि गोदाम का मालिक दीपक नैय्यर उम्र 29 साल निवासी प्रेम नगर पोस्ट ऑफिस के पास, है।जिसके बाद पुलिस ने आरोपी दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया।



### शास्त्री नगर और कूडन् में भी गोदाम

पुलिस ने बताया कि सगड़ा क्रेशर बस्ती में की गई कार्रवाई के बाद पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि उसकी दो गोदामें एक शास्त्री नगर और दूसरी कूडन् में भी संचालित हो रही हैं। यहां पर नकली ऑयल के कच्चे माल का स्टॉक किया जाता था। जहां से क्रेशर बस्ती सगड़ा में माल लाकर, नामी ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर लगाकर 900 एमएल डिब्बे से लेकर 26 लीटर तक के बाकैट में भरवाया जाता और फिर माल सप्लाई कर दिया जाता था।

### ब्रांडेड कंपनी के स्टीकर, हॉलमार्क जब्त

पुलिस को छापामार कार्रवाई के दौरान नकली ऑयल फैक्ट्री से ब्रांडेड कं पनी के स्टीकर और हॉलमार्क मिले है। इस दौरान पूछताछ में पुलिस को पता चला कि आरोपी बड़ी मात्रा में नकली ऑयल की पैंकिग कर, ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर लगाकर सप्लाई कर रहे थे।

### ब्रांडेड कंपनियों के स्टीकर लगाकर प्रदेश सहित महाराष्ट्र में हो रहा था सप्लाई

दादर नगर हवेली सिलवासा से बुलवाता था ऑयल पकड़ा गया आरोपी दीपक नैय्यर नकली ऑयल का गोरखधंधा कई सालों से शहर में संचालित कर रहा था। आरोपी लूज ऑयल को दादर नगर हवेली सिलवासा से बुलवाता था। जिसकी सप्लाई जबलपुर, छिंदवाड़ा, मंडला, नरसिंहपुर सहित महाराष्ट्र के जिलों में करता था।

### ऑटो चालक भाई करते थे माल सप्लाई

जानकारी अनुसार पकड़े गए तीन आरोपियों में से डिम्पल उर्फ दीपक चौधरी और उसका भाई सोनू चौधरी नकली ऑयल पैकिं ग होने के बाद उसकी सप्लाई जबलपुर सहित दूसरे जिलों में बड़ी आसानी से करते थे।

### करोड़ों की बेसकीमती जमीन पर आलीशान मकान बनाकर बेच दिए, प्रशासन को खबर नहीं

# अधारताल संजय नगर पहाड़ी पर भू माफिया का कब्जा

जबलपुर, यशभारत। अधारताल के संजय नगर वार्ड की करोड़ों की बेसकीमती शासकीय जमीन पर भू माफिया ने कब्जा कर, आलीशान मकान बनवाएं और फिर मोटी रकम में उन्हें बेंच दिया। कथित माफिया और उसका पूरा परिवार वर्षों से अवैध शराब विक्रय के गोरखधंधे से जुड़ा हुआ है। जिसके खिलाफ जनाक्रोश पनप रहा है। तो वहीं पुलिस और प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंग रही। जिसके चलते माफिया के खिलाफ मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंपकर, कार्रवाई की मांग की गई है। जानकारी अनुसार मुकेश रजक पिता लक्ष्मनिया रजक ने बताया कि वह कटरा अधारताल निवासी है। यहां करीब 20 वर्षों से नारायण जायसवाल और उसका पूरा परिवार अवैध शराब का कारोबार कर रहा है और जो भी उसकी शिकायत करता है उसपर जानलेवा हमला करवा कर, चुप करा देता है। भू माफिया और उसके पूरे परिवार के ऊपर विभिन्न थानों में करीब 100 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है।

**शराब और भू माफिया के खिलाफ जनाक्रोश, एसपी-कलेक्टर के बाद मुख्यमंत्री के नाम सौंपा शिकायती आवेदन, नहीं हो रही सुनवाई**

### तीन आलाशन मकान बनाकर बेंच चुका माफिया

संजय नगर सुभाष वार्ड क्रमांक 42 अधारताल में शासकीय भूमि में कब्जा कर, बगैर ननि परमीशन के तीन आलीशान मकान बनाकर बेंच चुका है। भू माफिया ने इस गोरखधंधे से अकूत संपत्ति कमा ली है। लेकिन उसपर कोई आज तक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है। जिसके बाद थकहार कर पीड़ित ने प्रदेश के मुखिया शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री के नाम कलेक्टर को शिकायती आवेदन सौंप कर, तत्काल आरोपी की संपत्ति राजसात कर, कठोर कार्रवाई की मांग की है।

# गोहलपुर पुलिस ने चाकूबाज को दबोचा

**जबलपुर, यशभारत।** गोहलपुर के गाजीमिया मैदान में हुई चाकूबाजी की घटना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दरमियानी रात अमखेरा रोड पर उस वक्त दबोच लिया जब आरोपी भागने की फिराक में था। वहीं, घायल ही हालत नाजुक बनी हुई है। थाना प्रभारी अरविंद चौबे ने बताया कि गाजी मियां मैदान में सलमान पिता मोहम्मद हुसैन उम्र 29 साल अपने घर के पास ही खड़ा था, तभी पुरानी रंजिश को लेकर क्षेत्र का के ही मोहम्मद अबरार ने गाली गलौच करते हुए चाकू से गोद दिया था। जिसके बाद घायल युवक को तत्काल 108 से मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। जिसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने बताया कि घटना के कुछ समय पहले भी दोनों में आपसी झड़प हुई थी, जिसका बदला लेने के लिए आरोपी ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपी को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी थी। दरमियानी रात पुलिस आरोपी की तलाश में जगह-जगह छापेमारी कर रही थी, तभी खबर मिली कि आरोपी भागने की फिराक में अमखेरा में खड़ा है, जिसके बाद उसे दबोच लिया गया।

**भागने की फिराक में खड़ा था, पहुंच गयी पुलिस**

# संजय साहू जबलपुर लोकायुक्त के नए एसपी



**जबलपुर।** सरकारी कामकाज में भ्रष्टाचार के खिलाफ योजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। उक्त बातें जबलपुर में लोकायुक्त के नए एसपी संजय साहू ने सोमवार को पदभार संभालने के दौरान कही। उन्होंने उज्जैन स्थानांतरित लोकायुक्त एसपी अनिल विश्वकर्मा से पदभार ग्रहण किया। विदित हो कि संजय साहू पूर्व में जबलपुर में सीएसपी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पद की जिम्मेदारी का निर्वहन कर चुके हैं। एसपी साहू ने कहा कि दर्ज प्रकरणों का जल्द से जल्द निराकरण कराते हुए भ्रष्टाचार के आरोपितों को कोर्ट से सजा दिलाने के प्रयास किए जाएंगे।

अब नये परिवेश में - दीपावली की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कम्बल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने
3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

लक्ष्मी एम्पोरियम के 38वें वर्ष में प्रवेश
दीपावली की शुभकामनाएं , खरीदी हेतु आमंत्रित
लक्ष्मी एम्पोरियम
लेडीज-जेंट्स शाल स्टाल, कश्मीरी सेमी पेशमीना, जमावार फैंसी रंग डिजाइन, मिंक कम्बल, रजाईयां, मैरिज सैट टॉवल, बेडकवर,
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK | ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE | KATANGA CROSSING | NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

Roasted Food Junction
Badi Omti Chowk
Pure & Tasty AK's Special Jabalpur
गर्मी के मौसम में स्पेशल सत्तू चने का उपलब्ध है। अब हमारे नये शोरूम गोरखपुर में
अशोक कुमार अजित कुमार
गुलाबी चना, मुरमुरा, बोल्ड चना, केला चिप्स, बोल्ड पीनट, मसाला चना, ड्राय मेल, चना जौर गर्म
मो. -9301997304,7987145201

SONY Panasonic INTEX Kurl-on Haier Godrej SAMSUNG USHA PHILIPS & All Product
शादियों के लिए विशेष पैकेज उपलब्ध
आसान किश्तों पर आसान शर्तों पर
बेटी की शादी का पूरा फर्नीचर सागौन द्वारा निर्मित
मिश्रा फर्नीचर्स एण्ड इन्टरप्राइजेज
सरकारी कुंआ, शीतलामाई रोड, जबलपुर फोन नं. 2626496 मो. 9827235010
फर्नीचर्स वारंटी पर उपलब्ध

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )